दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली | बुधवार 15 जनवरी-2025 ● वर्ष : 10 अंक : 27 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3




## आज से खुल जाएंगे नोएडा के सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूल



**नोएडा।** नोएडा के सभी स्कूल कल से यानी 15 जनवरी से खुल जाएंगे. अत्यधिक ठंड और कोहरे को देखते हुए शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन की ओर से स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया गया था। दो जनवरी से ही स्कूलों में पढ़ाई बंद थी. सभी सरकारी और प्राइवेट स्कूलों को बंद कर दिया गया था. कल से नोएडा के सभी सरकारी और प्राइवेट सभी स्कूल खोले जाएंगे. ठंड कम होने के बाद जिला प्रशासन ने स्कूल खोलने का फैसला लिया गया है. हालांकि, स्कूलों की टाइमिंग में बदलाव किया जा रहा है. ताकि, अभी भी ठंड से बच्चे प्रभावित न हो.

**सभी प्राइवेट और सरकारी स्कूल खोलने का आदेश :** ठंड से बचाव के लिए सभी बोर्ड से संचालित निजी और सकारी स्कूलों को बंद करने का फैसला लिया गया था. ठंड कम होने के बाद स्कूल कल से खुल जाएंगे. लेकिन इसका समय सुबह 9 बजे दोपहर 2 बजे. मौसम के मिजाज को देखते हुए स्कूलों के टाइमिंग में बदलाव किया गया गया है.

**बदल गई है स्कूलों की टाइमिंग :** इस समय तापमान में उतार चढ़ाव जारी है. दो दिन पहले भी बारिश हुई थी और तापमान नीचे चला गया था. फिलहाल ठंड कम होने की वजह से फिर से स्कूलों को खोलने का निर्णय लिया गया है. ताकि, बच्चों की पढ़ाई ज्यादा प्रभावित न हो.

### अब नहीं बचा है भाजपा महानगर अध्यक्ष वाली स्टोरी में कोई बड़ा ट्विस्ट

# पांच नाम हो गए हैं लिफाफे में बंद और इन्हीं नामों में एक नाम होना है फिक्स




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा महानगर अध्यक्ष वाले रण में संग्राम की उम्मीद दावेदारों से थी, लेकिन घमासान उनके पैरोकारों में हो गया। महानगर अध्यक्ष वाली कुर्सी की तरफ जाते पथ में दावेदारों के हर रथ पर एक जनप्रतिनिधि सारथी बनकर सवार है। पावर सेंटरों के बीच ताकत के मुलाहिजे वाले तीर चले हैं। जो टोला कुछ महीने पहले सीने खोलकर एकजुटता की कसम खा रहा था अब उसी टोले के बड़े चेहरे अपने छोटे समर्थकों के लिये आमने-सामने आ गए। कहीं मंडल को लेकर जंग का ऐलान हुआ तो कहीं महानगर अध्यक्ष पद को लेकर सहमति नही बनी। अंत में यही हुआ कि सबने अपने-अपने तीन नाम भेजे। सूत्र बताते हैं कि अब लखनऊ में मंथन के बाद महानगर अध्यक्ष वाली स्टोरी में रोमांच का अब ज्यादा ट्विस्ट नहीं बचा है। सूत्रों की मानें तो पांच चेहरे फिक्स हुए हैं और उनके नाम लिफाफे में बंद हुए हैं। बताया जाता है कि लखनऊ में जो भी मंथन हुआ है उसमें गाजियाबाद वालों की राय नहीं ली गई है, उनकी राय के नाम पहले ही आ गए थे और यहां प्रदेश स्तर पर स्क्रीनिंग हुई है।

इस स्क्रीनिंग में गाजियाबाद का कोई जनप्रतिनिधि या नेता शामिल नहीं है। यहां जो नाम चेहरों को फाइनल करने में लगे हैं उनमें प्रदेश अध्यक्ष शामिल हैं, प्रदेश संगठन महामंत्री शामिल हैं और इस वाले संगठन चुनाव से जुड़े राष्ट्रीय स्तर के चेहरे भी शामिल हैं।

### इस बंद लिफाफे में लिखा है संजीव शर्मा और मानसिंह का भी नाम

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि जो छह नाम लिखे गए हैं इन नामों में एक नाम भाजपा के वर्तमान महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा का भी है और एक उनसे पहले वाले महानगर अध्यक्ष रह चुके मानसिंह गोस्वामी का भी है। इसके अलावा जो तीन नाम हैं उन नामों में एक नाम त्यागी चेहरे का है और दो नाम वैश्य चेहरों के बताए जाते हैं। भाजपा अध्यक्ष वाली रेस में छह नाम हैं, लेकिन ये पांच माने जाएंगे क्योंकि संजीव शर्मा अब महानगर अध्यक्ष हो गए हैं तो अब सीन पांच का आ गया है। पांच नाम लिफाफे में बंद हैं, फाइट अब टाइट है। यहां पर बताया जाता है कि सबसे चौंकाने वाला नाम ही संजीव शर्मा का है। इसके अलावा पूर्व अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी का नाम है। इसे एक परंपरा बताया जा रहा है। संजीव शर्मा दावेदारी में नहीं हैं वो अब विधायक है। ऐसे में इस एक नाम को अलग कर दें तो पांच नाम रह जाते हैं।





### दावेदार हैं बेचैन दिल्ली की फ्लाइट कब पकड़ेंगे ये पांच नाम

करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि अब ये पांच नामों वाला लिफाफा लखनऊ से दिल्ली का सफर तय करेगा। ये नाम जल्दी ही दिल्ली की फ्लाइट पकड़ेंगे और दिल्ली में फैसला मैरिट के आधार पर होना है। यहां ओबीसी, वैश्य और त्यागी फैक्टर की बात चल रही है। स्क्रीनिंग कमेटी के इन्हीं नामों से एक नाम आना है।

### वो चाहते हैं अपना नाम ऐनी हाऊ, इसलिए वो दिख रहे हैं इन द लखनऊ

करंट क्राइम। प्रदेश वाली कमेटी के पास नाम पहुंच गए और प्रदेश वालों ने नाम शॉर्टलिस्ट कर लिये। हर नाम पर गुण-दोष के आधार पर विचार हुआ। कई मानक से ये नाम गुजरे और फिर ये नाम शॉर्टलिस्ट होने के बाद लिफाफे में बंद हो गए। लिफाफा अभी लखनऊ में ही बताया जाता है। अब सीन ये है कि दावेदारों से ज्यादा पैरोकार पैरवी में हैं। वो अपने नाम पर सहमति की मुहर ऐनी हाऊ वाले अंदाज में लगवाना चाहते हैं। पावर सेंटरों ने इसे अपनी पावर वाले तराजू से जोड़ लिया है। अब ऐसे में जो पैरोकार सिफारिश के ऐनी हाऊ मोड में हैं वो लखनऊ में हैं। दिल्ली से लेकर लखनऊ तक संपर्क क्रांति चल रही है।

### पावर सेंटर की जंग में कौन से जनप्रतिनिधियों के पैनल फेल

करंट क्राइम। कुछ महीने पहले की ही तो बात है जब पूरा विधायक टोला मिलकर अपने ही बीच के एक विधायक को लोकसभा का चुनाव लड़ा रहा था। सब अपनी-अपनी विधानसभा में अपने ही साथ के विधायक को लोकसभा का चुनाव जिता रहे थे। ये एक वजह भी थी जब लोकसभा का नतीजा आया तो गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अपने रिकॉर्ड के अनुसार बनारस और लखनऊ से ज्यादा वोटों से चुनाव जीतकर सांसद बने। पावर सेंटर के एक छोर ने कहा कि अब आपके बीच का सांसद है, आप उनके गले में भी हाथ डालकर बात कर सकते हो, किसी प्रोटोकॉल की जरूरत नहीं है। जब अध्यक्ष पद वाली बेला आई तो विधायक से सांसद बनें अतुल गर्ग ने कहा कि मैं जनप्रतिनिधियों की राय के बिना कोई नाम नहीं दूंगा। इसी बीच संजीव शर्मा उम्मीदवार बनें और वो उपचुनाव में जीतकर विधायक बन गए। अब ऐसा क्या हुआ कि अचानक से भगवा धनुर्धारियों के तीर आपस में एक-दूसरे पर खिंचने लगे। शब्द बाण चलने लगे और जो विधायक टोला लोकसभा से पहले हर बात में एक साथ बोला करता था वो विधायक टोला पावर के अलग-अलग छोर पर आ गया। जहां ये उम्मीद थी कि विधायक-सांसद, मेयर-मंत्री मिलकर एक नाम पर सहमति बना लेंगे, वहां ये उम्मीद पूरी तरह नाउम्मीदी में साबित हुई। एकजुटकता के सारे तार टूट गए और फिर अपना-अपना पैनल, अपने-अपने नाम वाला सीन हो गया। सबके अपने-अपने नाम पहुंचे और जनता से लेकर भाजपा के हाईकमान को यकीन हो गया कि एकता वाली ये लाठी कहीं तो चटक गई है। बहरहाल अब दो पावर सेंटरों की जंग का रोचक नतीजा आएगा। सूत्र बताते हैं कि दो जनप्रतिनिधियों के पैनल पूर तरह फेल हो गए हैं और सियासत वाले खेल हो गए हैं।

### 16 जनवरी से 20 जनवरी के बीच महानगर अध्यक्ष घोषित होने की उम्मीद

करंट क्राइम। जो नाम पहले मकर संक्रांति तक आउट होना माना जा रहा था अब उसमें समय लग जाएगा। क्योंकि मंथन और चिंतन वाली प्रक्रिया अभी दिल्ली में होनी बाकी है। संगठन से लेकर संघ तक और सरकार से लेकर सदन तक सारे जोर लगे हैं। नामों की छंटनी हो गई है और एक नाम पर मुहर लगनी है। सूत्र बताते हैं कि 16 जनवरी से 20 जनवरी के बीच कभी भी महानगर अध्यक्ष पद के नाम की घोषणा हो सकती है। ये चार दिन महत्वपूर्ण हैं और इन्हीं चार दिनों में महानगर अध्यक्ष का नाम भाजपा हाईकमान घोषित कर देगा।



### महिलाओं ने दिखाया जोश मगर बैठक रही उनके लिये खामोश

करंट क्राइम। महानगर अध्यक्ष बनने की बारी आई तो यहां भाजपा की महिला शक्ति भी आगे आई। यहां भाजपा की महानगर उपाध्यक्ष रही रनिता सिंह, विमला रावत, सहित कई महिलाओं ने अध्यक्ष पद के लिये नामांकन किया। इन महिला शक्ति को ये उम्मीद थी कि जब उनका नाम आएगा तो कोई जनप्रतिनिधि उनके भी नाम पर बोलेगा, उनके भी काम पर बोलेगा और दावेदारी में वो शामिल होंगी। महिला कार्यकताओं ने नामांकन मे जोश दिखाया, लेकिन जब चिंतन-मंथन, हिमायत और समर्थन वाली बेला आई तो सूत्र बताते हैं कि महिला दावेदारों के साथ खेला हो गया। महिलाओं ने जोश दिखाया, लेकिन उनके नाम पर बैठक में कोई जोश नहीं दिखा और बताया जाता है कि हर जनप्रतिनिधि महिला दावेदारों के नाम पर खामोश ही रहा। किसी ने किसी भी महिला के नाम का जिक्र नहीं किया। जनप्रतिनिधियों वाली बैठक बिरादरी के समीकरण में उलझ गई और फिर यहां जातीय गणित में महिला दावेदारी की आग को ठंडा कर दिया। ठाकुर फैक्टर पर कोई विचार नहीं हुआ। मैदान और पहाड़ के लिये एक सा ही दृष्टिकोण रखा गया।

### दिल्ली में मिलेगी सांसद की राय को अहमियत



करंट क्राइम। अध्यक्ष पद वाले रण में अब सारे महारथी हैं। यहां दावेदारी से ज्यादा बड़े कद पैरोकारों के हैं। यहां सरकार वाले भी हैं, सदन वाले भी हैं, लखनऊ वाले भी हैं और दिल्ली वाले भी हैं। सूत्र बताते हैं कि जब नामों की स्क्रीनिंग दिल्ली में आएगी तो यहां सांसद की राय सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाएगी। गाजियाबाद के महानगर अध्यक्ष को लेकर दिल्ली वाले सांसद की राय को महत्व देंगे और अगर सांसद की पसंद के नाम को तरजीह मिल गई तो ये मानकर चलों कि गेम और रोचक हो रहा है।

## लोनी विधायक नंदकिशोर ने दी रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को ऑपरेशन विजयनगर पर बधाई

### - राजनाथ सिंह को बताया भगवान शंकर और संजीव शर्मा को कहा हनुमान







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** शहर विधायक बनने के बाद संजीव शर्मा ने लाइन पार क्षेत्र की चांदमारी जमीन पर बसी अवैध झुग्गियों का मामला उठाया था। संजीव शर्मा ने लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को एक पत्र लिया और फिर वो दिल्ली में केंद्रीय राज्यमंत्री राजनाथ सिंह से मिले। उन्हें पत्र देकर यह अवगत कराया कि चांदमारी झुग्गी-बस्ती पूरी तरह अवैध है। यहां कई अवैध गतिविधियां संचालित होती हैं और सेना की इस बेशकमती जमीन को कब्जामुक्त कराने का अनुरोध किया। संजीव शर्मा का ये प्रयास रंग लाया और सेना के अधिकारी गाजियाबाद पहुंचे और फिर इस अवैध झुग्गी-बस्ती पर बुल्डोजर चला। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने चांदमारी क्षेत्र में बनी इस अवैध झुग्गी-बस्ती को हटाए जाने पर केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और भाजपा शहर विधायक संजीव शर्मा को बधाई दी है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि लाइनपार क्षेत्र में बसी इस बस्ती में रोहिंग्या और बंग्लादेशी रह रहे थे। यहां कि जनता बेहद परेशान थी। उन्होंने कहा कि जब मैं एमएमएच कॉलेज में पढ़ता था तब भी मैंने इस झुग्गी-बस्ती को हटाने की बात कही थी और जब यहां बुल्डोजर चला है तो एक मजबूत संदेश गया है। गाजियाबाद की जनता केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की जय-जयकार कर रही है। उन्होंने कहा कि राजनाथ सिंह भले ही लखनऊ से सांसद हैं, लेकिन उनका गाजियाबाद की जनता से हमेशा एक लगाव रहता है। वो यहां की समस्याओं के समाधान को प्राथमिकता देते हैं। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने भगवान शंकर बनकर और शहर विधायक संजीव शर्मा ने हनुमान बनकर विजयनगर की जनता का बेड़ापार किया है। लाइनपार क्षेत्र का उद्धार किया है और यहां की सबसे बड़ी गंदगी को साफ किया है। लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने समस्त जनता की ओर से केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और शहर विधायक संजीव शर्मा का आभार व्यक्त किया है।




## कल जनरल वीके सिंह लेंगे मिजोरम के महामहिम गवर्नर पद की शपथ

### - पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी दिल्ली से उनके साथ फ्लाइट में जाएंगे मिजोरम



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दो बार गाजियाबाद के लोकसभा सांसद रहे, केंद्र सरकार में दो बार केंद्रीय मंत्री रहे जनरल वीके सिंह को मिजोरम का गवर्नर बनाया गया था। गवर्नर पद की शपथ वो गुरूवार को लेंगे। उनके गवर्नर बनाए जाने के बाद से उनके समर्थकों में जोश है। जब वो मिजोरम का राज्यपाल घोषित किये जाने के बाद गाजियाबाद आए थे तो यहां उनके राजनगर स्थित आवास पर उन्हें बधाई देने बहुत से लोग पहुंचे थे। जनरल वीके सिंह गुरुवार को शपथ लेंगे और वो मिजोरम के लिये बुधवार को दिल्ली से रवाना होंगे। यहां से उनके साथ उनके गाजियाबाद वाले समर्थकों के भी पूरी टीम जा रही है। जनरल वीके सिंह जब मिजोरम के लिए रवाना होंगे तो यहां फ्लाइट में उनके साथ पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी भी होंगे।

जनरल वीके सिंह और पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी आज दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर दिल्ली से मिजोरम के लिये उड़ान भरेंगे। इस यात्रा में उनके साथ केडी त्यागी भी जा रहे हैं। वो भी मिजोरम में शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेंगे। जब जनरल वीके सिंह मिजोरम के लिये रवाना होंगे तो उनके समर्थकों में पूर्व विधायक रूप चौधरी भी इसी फ्लाइट में रहेंगे। इसके अलावा लोनी से रोहित भारद्वाज और हर्ष चौहान भी जा रहे हैं। इसके अलावा धौलाना से पवन सोम सहित तीन लोग मिजोरम के लिए रवाना होंगे। लगभग 25 से 30 लोग गाजियाबाद जिले से मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिये जा रहे हैं। इन सभी समर्थकों में जोश है और वो इस बात की भी एक तरह से गवाही दे रहे हैं कि संबंधों में कभी दूरी नहीं देखी जाती और संबंधों में कभी मजबूरी नहीं बताई जाती। संबंध तो मजबूती के साथ निभाए जाते हैं।




### सीडी के चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी पहुंचेंगे मिजोरम गवर्नर के शपथ ग्रहण समारोह में

पूर्व सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के गवर्नर हैं। वो गुरुवार को शपथ लेंगे और बुधवार को नई दिल्ली से रवाना होंगे। बड़ी बात है कि गाजियाबाद से सुदूर प्रदेश में भी यहां समर्थक जा रहे हैं। इन समर्थकों में केवल पूर्व विधायक ही शामिल नहीं हैं बल्कि सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल भी जनरल वीके सिंह के साथ फ्लाइट में जा रहे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि शपथ ग्रहण समारोह सुबह 11 बजे राजभवन में संपन्न होगा। जिसमें मुंबई से लेकर यूएसए से बुलाए गए अतिथि भी शामिल होंगे। सूत्रों का कहना है कि शपथ ग्रहण के कुछ दिनों के बाद गाजियाबाद में एक भव्य आयोजन करने की भी तैयारी चल रही है।

### मेयर ने कहा-सभी पार्षद सुने इस बात को सहर्ष

## 30 लाख तक के निर्माण प्रस्ताव भिजवा दें, फिर शुरू हो जाएगा मार्च के बाद अगला वित्तीय वर्ष



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पार्षदों के वार्ड में विकास को लेकर मेयर सुनीता दयाल गंभीर हैं। उनका ये मानना है कि विकास के लिये आया धन समय से विकास कार्यों में लगे जिससे जनता को सुविधा मिले। उन्होंने नगर निगम के पार्षदों को ये सूचित किया है कि आप सभी जानते हैं कि मार्च के बाद नया वित्तीय वर्ष शुरू हो जाएगा। इसलिए पार्षदों के इस वित्तीय वर्ष के कार्य को पूर्ण कराना है। मेयर ने पार्षदों को भेजे अपने संदेश में अवगत कराया है कि सभी पार्षद 25-30 लाख तक के निर्माण कार्य या पार्कों के निर्माण कार्यों के प्रस्ताव जल्द से जल्द विभाग अध्यक्षों के पास भेजकर पत्रावली तैयार करा लें। जिससे निविदा प्रक्रिया शुरू की जा सके और वार्डों के विकास कार्य को प्रगति मिल सके।

मेयर के इस प्रस्ताव के बाद ये माना जा रहा है कि अब जनवरी माह के अंत तक पत्रावली तैयार हो जाएंगी और फिर फरवरी और मार्च में ये सभी विकास कार्य सभी वार्डों में करा लिये जाएंगे।




# यूपी सरकार ने मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान हेलीकॉप्टर से करवाई पुष्पवर्षा

## सभी घाटों और अखाड़ों पर लगे हर-हर महादेव के जयकारे

प्रयागराज। महाकुम्भ मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं पर स्नान पर्वों के मौके पर पुष्प वर्षा को लेकर योगी सरकार के निर्देश पर उद्यान विभाग ने पिछले काफी समय से तैयारी कर रखी थी। इसके लिए गुलाब की पंखुड़ियों की खास तौर पर व्यवस्था की गई थी। महाकुम्भ के सभी स्नान पर्वों पर पुष्प वर्षा कराने की तैयारी की गई है। प्रत्येक स्नान पर्व पर लगभग 20 कुंतल गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश करने की तैयारी है, जिसकी श्रृंखला में पहले स्नान पर्व पौष पूर्णिमा स्नान पर सोमवार को श्रद्धालुओं पर गुलाब की पंखुड़ियां बरसाई गई थीं, जबकि दूसरे दिन यानी मंगलवार को मकर संक्रांति पर अमृत स्नान के दौरान भी पुष्पवर्षा से श्रद्धालु अभिभूत नजर आए। मालूम हो कि उद्यान विभाग की ओर से पहले दो दिनों के लिए पर्याप्त फूलों की व्यवस्था की गई है। उद्यान विभाग की ओर से इन दो दिनों के लिए 40 क्विंटल से अधिक मात्रा में गुलाब के फूलों का स्टॉक जमा किया गया था।









# 21 श्रृंगार कर नागा संन्यासियों ने अमृत स्नान की लगाई डुबकी, धारण की दीक्षा की दिगंबर वेशभूषा





**प्रयागराज।** नख से शिख तक भभूत। जटाजूट की वेणी, आंखों में सूरमा, हाथों में चिमटा, होठों पर सांब सदाशिव का नाम।

भभूत लपेटे, दिगंबर, हाथ में डमरू, त्रिशूल और कमंडल के साथ ही अवधूत की धुन में झूमते हुए नागा त्रिवेणी के तट पर पहले अमृत स्नान के लिए प्रस्थान किया। साधुओं ने 21 शृंगार के साथ अमृत स्नान की पहली डुबकी लगाई।

महाकुंभ के पहले अमृत स्नान में अपने इष्ट महादेव की तरह ही नागा साधुओं का शृंगार भी देश भर के श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रहा। दीक्षा की वेशभूषा दिगंबर स्वरूप में ही नागा साधुओं ने अमृत स्नान से पहले तन-मन को 21 शृंगार से सजाया।

**नागा साधुओं ने आदियोगी शिव के स्वरूप में खुद को सजाया :** त्रिवेणी के तट पर महाकुंभ का पहला अमृत स्नान पुष्य और पुनर्वसु नक्षत्र में आरंभ हुआ। प्रथम पूज्य भगवान गणेश का पूजन करने के बाद नागा साधुओं ने आदियोगी शिव के स्वरूप में खुद को सजाया। शरीर पर भस्म लगाने के बाद चंदन, पांव में चांदी के कड़े, पंचकेश यानी जटा को पांच बार घुमाकर सिर में लपेटा, रोली का लेप, अंगूठी, फूलों की माला, हाथों में चिमटा, डमरू, कमंडल, माथे पर तिलक, आंखों में सूरमा, लंगोट, हाथों व पैरों में कड़ा और गले में रुद्राक्ष की माला धारण करने के बाद नागा साधुओं ने प्रस्थान किया।

### दिखावा करना नहीं होता इस श्रृंगार का मतलब

महानिवार्णी अखाड़े के शंकरपुरी महाराज ने बताया कि हिंदू धर्म में सुहागिन 16 श्रृंगार करती हैं, लेकिन नागा साधु अमृत स्नान के लिए 21 श्रृंगार करते हैं। इसमें शरीर के साथ ही मन और वचन का भी श्रृंगार शामिल होता है। इसके साथ ही सर्वमंगल की कामना भी होती है। इस श्रृंगार का मतलब दिखावा करना नहीं होता है। नागा साधु इसे अंदर तक महसूस भी करते हैं। महादेव को प्रसन्न करने के लिए 21 श्रृंगार के साथ ही नागा साधुओं ने संगम में अमृत स्नान की डुबकी लगाई।

**इष्टदेव महादेव से जुड़ा है शृंगार :** महानिवार्णी अखाड़े और अन्नपूर्णा मंदिर के महंत शंकर पुरी ने बताया कि सिर से नख तक शृंगार के साथ ही मन का भी शृंगार जरूरी होता है। नागा साधु जो भी शरीर पर शृंगार करते हैं वह उनके इष्टदेव महादेव से जुड़ा हुआ है।

**भभूत :** क्षणभंगुर जीवन की सत्यता का आभास कराती है भभूत। नागा साधु भभूत को सबसे पहले अपने शरीर पर मलते हैं।

**चंदन :** हलाहल का पान करने वाले भगवान शिव को चंदन अर्पित किया जाता है। नागा साधु भी हाथ, माथे और गले में चंदन का लेप लगाते हैं।

**रुद्राक्ष :** रुद्राक्ष की उत्पत्ति भगवान शिव के आंसुओं से हुई है। नागा साधु सिर, गले और बाजुओं में रुद्राक्ष की माला धारण करते हैं।

**तिलक :** माथे पर लंबा तिलक भक्ति का प्रतीक होता है।

**सूरमा :** नागा साधु आंखों का शृंगार सूरमा से करते हैं।

**कड़ा :** नागा साधु हाथों व पैरों में कड़ा पीतल, तांबें, सोने या चांदी के अलावा लोहे का कड़ा पहनते हैं। मान्यता है कि भगवान शिव भी पैरों में कड़ा धारण करते थे।

**चिमटा :** चिमटा एक तरह से नागा साधुओं का अस्त्र भी माना जाता है। नागा साधु हमेशा हाथ में चिमटा रखते हैं।





# सीएम आतिशी ने दाखिल किया नामांकन, कालकाजी विधानसभा सीट से हैं 'आप' की उम्मीदवार, डेढ़ किमी लंबा रोड शो भी किया





**नई दिल्ली।** कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी (आप) की प्रत्याशी और मुख्यमंत्री आतिशी ने मंगलवार को अपना नामांकन दाखिल कर दिया। इससे पहले बीते सोमवार को नामांकन रैली की, लेकिन बिना पर्चा भरे लौट गईं थी। वह देरी से नामांकन करने पहुंची थी, इसलिए वापस जाना पड़ा।

### आतिशी के रोड शो में सिसोदिया रहे मौजूद

बीते सोमवार को ही पहले उन्होंने कालकाजी मंदिर में पूजा-अर्चना की और गिरी नगर गुरुद्वारा में मत्था टेका था। उसके बाद पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया के साथ करीब डेढ़ किमी का मेगा रोड शो किया, जो आनंद माई मार्ग पर खत्म हुआ। रैली में कालकाजी विधानसभा क्षेत्र से बड़ी तादाद में लोग शामिल हुए।

इस दौरान सिसोदिया ने कहा कि यह सिर्फ एक चुनाव नहीं है, बल्कि दिल्ली के हर परिवार की बेहतर शिक्षा, स्वास्थ्य और भविष्य के लिए साझा लड़ाई है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए उन्हें 40 लाख रुपये चाहिए थे, वो दिल्ली और देशभर से करीब 350 लोगों ने डोनेट कर दिए हैं।

सीएम आतिशी ने कहा कि उन्होंने कालका माता से प्रार्थना की है कि उनका आशीर्वाद कालकाजी और दिल्ली के लोगों पर बना रहे। भरोसा है कि पिछले 5 साल में इस विधानसभा में जितना काम किया है, माता का आशीर्वाद मुझ पर बना रहेगा।

गिरी नगर गुरुद्वारे में मत्था टेकने के बाद सीएम आतिशी मेगा रोड शो पर निकलीं।

इस दौरान गिरी नगर गुरुद्वारा से रोड शो शुरू हुआ और सी-लाल चौक मां आनंद माई मार्ग पर खत्म हुआ।लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबे रोड शो में समर्थकों का जन सैलाब उमड़ पड़ा।

# दिल्ली की सर्दी...और बढ़ेगी ठिठुरन, घने कोहरे का येलो अलर्ट, हल्की बारिश के आसार



**नई दिल्ली।** राजधानी में दो दिन बाद सोमवार को लोगों ने गुनगुनी धूप का आनंद लिया। दिन में लोगों को ठंड से राहत मिली, जबकि सुबह-शाम ठंड सता रही है। मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए घने कोहरे का येलो अलर्ट जारी किया है। ऐसे में सुबह के समय अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा व कुछ स्थानों पर बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। आसमान साफ रहेगा। वहीं, शाम व रात में हल्का कोहरा छाए रहने का अनुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 19 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 09 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा।

मौसम विभाग ने हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। इसके लिए विभाग ने बारिश के साथ कोहरा छाए रहने की चेतावनी दी है। ऐसे में ठंड बढ़ सकती है। उधर, सोमवार को सुबह ठंड के बाद दिन में अच्छी धूप खिली। इससे लोगों को दोपहर में ठंड के साथ कोहरे से राहत मिली। ऐसे में लोगों ने धूप का आनंद लिया, लेकिन शाम को अच्छी-खासी ठंड का अहसास हुआ। मौसम विभाग के अनुसार, न्यूनतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस अधिक के साथ 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। कुछ इलाकों में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री के करीब रिकॉर्ड हुआ। वहीं, अधिकतम तापमान सामान्य से 1.4 डिग्री कम रहा, जोकि 18.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं, सुबह पांच बजे से लेकर आठ बजे तक पालम एयरपोर्ट पर दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई।

# सैलानियों को लुभा रहीं बर्फ से घिरी वादियां किन्नौर और लाहौल में बढ़ी होटलों की बुकिंग



**शिमला।** बर्फबारी के बाद किन्नौर और लाहौल-स्पीति की वादियां सैलानियों को खासा आकर्षित कर रही हैं। शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी के मुकाबले प्रदेश के ट्रैवल एजेंट्स के पास किन्नौर और लाहौल-स्पीति के लिए अधिक इंक्वायरी आ रही है।होटल और होम स्टे में एडवांस बुकिंग चल रही है और जनवरी के पूरे माह के लिए अधिकांश कमरे बुक हैं। किन्नौर, लाहौल-स्पीति में बर्फ से लकदक पहाड़ सैलानियों का स्वागत कर रहे हैं। किन्नौर और लाहौल-स्पीति पहुंचने के लिए सैलानी किन्नौर जिला के समदो और कुल्लू जिला के मनाली से होकर आवाजाही कर रहे हैं।

शहरों के शोर-शराबे से दूर एकांत सैलानियों को आकर्षित कर रहा है। सैलानी सराहन, सांगला, छितकुल, कल्पा, ताबो, काजा और केलांग के होटलों में बुकिंग करवा रहे हैं। चंडीगढ़ और अंबाला से रोजाना टेंपो ट्रैवलर किन्नौर और लाहौल स्पीति के लिए पैक होकर रवाना हो रहे हैं। कुछ सैलानी चंडीगढ़ से फोर बाई फोर गाड़ियां भी किराये पर लेकर किन्नौर और लाहौल-स्पीति का रुख कर रहे हैं।

ट्रैवल एजेंट्स एसोसिएशन के महासचिव मनु सूद ने बताया कि बीते कुछ सालों से किन्नौर और लाहौल-स्पीति के प्रति सैलानियों का रुझान बढ़ रहा है। गर्मियों और सर्दियों में बड़ी संख्या में सैलानी किन्नौर और लाहौल-स्पीति के पर्यटन स्थलों का रुख कर रहे हैं। हिमाचल के अन्य पर्यटन स्थलों के मुकाबले किन्नौर और लाहौल- स्पीति के लिए अधिक इंक्वायरी आ रही है।

**चमका कारोबार :** लाहौल घाटी में सैलानियों के आगमन से पर्यटन कारोबारियों के चेहरे खिल उठे हैं। होटल कारोबारी कारोबारी जश्न के बाद से ही सैलानियों का पाटी में आना लगातार जारी है। होटलों के अलावा होम स्टे में भी सैलानियों की भारी भीड़ चल रही है। साहसिक गतिविधियां संचालित करने वाले कारोबारी भी सैलानियों की संख्या बढ़ने से उत्साहित है। उधर, शिमला, धर्मशाला, कसौली में भी इन दिनों बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार फिर बर्फबारी हुई तो पर्यटन स्थल दोबारा सैलानियों से गुलजार हो जाएगे।

# बर्थडे की आड़ में हाईवे पर लग्जरी गाड़ियों में हुड़दंग बीच सड़क पर काटा केक, आतिशबाजी और हंगामा

**नई दिल्ली।** जन्मदिन के जश्न की आड़ में मेरठ पौड़ी नेशनल हाईवे पर कार सवार युवकों ने खूब हुड़दंग मचाया। केक काटा गया, आतिशबाजी की और कारों को इधर उधर दौड़ाया। नजीबाबाद वालों का बर्ड डे टाइटल से रील बनाई, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है।

इंस्टाग्राम प्लेटफार्म पर शुएब राइन के नाम से बने अकाउंट पर एक वीडियो अपलोड की गई थी। वीडियो का टाइटल है, नजीबाबाद वालो का बर्थ-डे। इस वीडियो में जलालाबाद के ओवरब्रिज से गाड़ियां गुजरते हुए दिखाई दे रही हैं जोकि बिजनौर नजीबाबाद के बीच स्थित भनेड़ा टोल प्लाजा पर पहुंच जाती हैं।



टोल प्लाजा के पास फोरलेन हाईवे पर उक्त लग्जरी गाड़ियों में सवार होकर आए युवक आतिशबाजी करते हैं। किसी बिलाल नाम के युवक के जन्मदिन का केक काटा जाता है। जमकर आतिशबाजी करने के बाद हाईवे पर हुड़दंग किया गया। इतना ही नहीं असुरक्षित ढंग से टोल प्लाजा के पास गाड़ियों को दौड़ाया गया। साथ ही गोलाकार तरीके से भी गाड़ियां चक्कर काटती हैं।

उक्त वीडियो में 20 से ज्यादा युवक दिखाई दे रहे हैं। घंटों तक इन्होंने हाईवे पर उत्पात मचाया।

गनीमत यह रही कि रात होने की वजह से हाईवे पर उस वक्त ज्यादा ट्रैफिक नहीं था, वरना हादसा हो सकता था। गाड़ियों से उतरकर युवक इधर उधर दौड़ते भी दिखाई दे रहे हैं, ऐसा लगा मानों हाईवे पर कब्जा कर लिया हो।

# गाजीपुर में युवक की पीट-पीट कर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। गाजीपुर पेपर मार्केट में आपसी रंजिश में पवन यादव नाम के युवक को चापड़ और लाठी डंडे से पीट-पीट कर मौत के घाट उतार दिया है। हत्या के बाद आरोपी लाश को नाले में फेंककर भाग गए।

**Lost and Found**

I have lost sale deed of my flat no GF-1,Plot No 3A/281A, Sec-3,Vaishali, Ghaziabad which was executed on 30/8/2001 by shanti construction in book no-1,volume-1541,pages-133 to 139 serial no-12233 in subregistrar 4,Ghaziabad office.Ghazala Kidwai D/O Naseer Ahmad Kidwai R/O 20/38,Indiranagar, Lucknow.




# नगर निगम बोर्ड बैठक न होने पर बोले पार्षद- बैठक में खुलते दस रास्ते विकास कार्यों के




उदयवीर सिंह

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** छह महीने से अधिक होने के बाद भी नगर निगम बोर्ड की बैठक नहीं हुई है। इस से पार्षदों में रोष है, छह माह से अधिक होने के कारण अब तक वार्षिक बजट भी पास नहीं हो पाया है। पार्षदों ने कहा कि छह महीने से बैठक न होना चिंता की बात है। वार्षिक बजट पास नहीं होने से वार्डों का विकास रुक गया है। मुख्य पार्षद से कई बार आग्रह करने के बाद भी बैठक नहीं बुलायी गयी है। छह महीने से नगर निगम मनमाने ढंग से चल रहा है। बिना बैठक के अवैध रूप से काम किये जा रहे हैं। बोर्ड के प्रस्ताव के बिना ही कई योजनाएं चल रही हैं। मनमाने ढंग से राशि की निकासी की जा रही है। साफ-सफाई की व्यवस्था, जनहित की योजनाएं, नागरिक सुविधाओं के लिए चल रहा काम प्रभावित हो रहा है।

## बोर्ड बैठक न होने से ठप हैं वार्ड के विकास कार्य : प्रतिमा शर्मा



**करंट क्राइम:** पार्षद प्रतिमा शर्मा ने बताया कि समय से बोर्ड बैठक होती रहे तो वार्ड के विकास कार्यों में भी तेजी आती है। लेकिन 6 माह से अधिक हो गए बोर्ड बैठक नहीं हुई है, उन्होंने बताया कि बोर्ड बैठक होने से 10 रास्ते खुलते हैं। वार्ड में इतनी समस्या है कि उनका समाधान बोर्ड बैठक में हो सकता है सीवर की समस्या वहीं पानी की समस्या भी है मेरे वार्ड में सीवर व पानी की लाइन बहुत पुरानी है। जो आए दिन क्षतिग्रस्त रहती है, जिससे लोगों की समस्या का समाधान बोर्ड बैठक में ही हो सकता है। पार्षद का कहना है कि जल्द हो बोर्ड बैठक जिस वार्ड का हो विकास।

## पार्षदों का अलग-अलग धड़ों में होने का फायदा उठा रहा नगर निगम : हिमांशु चौधरी



**करंट क्राइम:** पार्षद हिमांशु चौधरी ने बताया कि बोर्ड बैठक में जनप्रतिनिधि अपने क्षेत्र की समस्या को रखकर उसका समाधान ढूंढने की कोशिश करता है। लेकिन इस समय कई माह से बोर्ड बैठक नहीं हो रही है, जिसका असर वार्ड के विकास कार्यों पर पड़ रहा है। बोर्ड बैठक होने से अधिकारी पार्षदों में मेयर का जनता से जुड़ाव होता है। लेकिन बोर्ड बैठक न होने के कारण अधिकारी इसका फायदा उठाते हैं। यदि कोई प्रस्ताव पास करना हो तो यह एक दिन में ही नगर निगम के अधिकारी बोर्ड बैठक बुला लेते हैं। अपने फायदे के लिए करते हैं बोर्ड बैठक। उन्होंने बताया कि पार्षदों का अलग-अलग धड़ों में होने का फायदा उठा रहा है, नगर निगम के अधिकारी।

## जीडीए ने जो दिया पैसा उसका 75% मेंटेनेंस पर हो खर्च : डॉ. अनिल तोमर



**करंट क्राइम:** पार्षद अनिल तोमर ने बताया कि नगर निगम को जल्दी बोर्ड बैठक करनी चाहिए, जीडीए ने जो पैसा इंदिरापुरम के रखरखाव के लिए दिया है उसका 75% मेंटेनेंस पर खर्च हो और 25% नए काम पर खर्च हो चाहिए। ओर ये काम बोर्ड बैठक में पार्षद बताएं कि वार्ड किया समस्या है। 98 सबसे अधिक हाउस टैक्स व कमर्शियल टैक्स नगर निगम वसूल रहा है। लेकिन वार्ड में खर्च कुछ नहीं हो रहा है, नगर निगम इस बात का भी ध्यान रखेगी जो वार्ड सबसे ज्यादा टैक्स दे रहे हैं। उसे ज्यादा सुविधा दी जाए। इंदिरापुरम हैंडओवर होने के बाद समस्याओं का अंबार भरा हुआ है लेकिन विभाग काम नहीं कर रहा।

## वार्ड की समस्याओं का समाधान मिलता है बोर्ड बैठक में : विनय चौधरी



**करंट क्राइम:** पार्षद विनय चौधरी का कहना है कि हर दो माह में बोर्ड बैठक एक होनी चाहिए, जिससे क्षेत्र का जन्म प्रतिनिधि अपनी समस्याओं का समाधान बोर्ड बैठक में ढूंढता है लेकिन बोर्ड बैठक न होने से समस्याओं का समाधान नहीं हो पता उन्होंने बताया कि बृज बिहार में नाले की समस्या बनी हुई है। जिसका कई सालों से कोई समाधान नहीं हो रहा बरसात के दौरान जल भराव की समस्या इतनी अधिक हो जाती है। कि लोगों को घरों में पानी घुस जाता है, इसके लिए नगर निगम को अलग से बजट बता बनाकर इसका समाधान किया जाए।

## जल्द हो बोर्ड बैठक : धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम:** पार्षद धीरज अग्रवाल का कहना है कि समय से बोर्ड बैठक होती रही तो वार्ड के समस्याओं का समाधान होता रहता है। इंदिरापुरम अभी जीडीए से हैंडओवर हुआ है, लेकिन समस्या बहुत है इन समस्याओं का समाधान पार्षद बोर्ड बैठक में कर सकता है। लेकिन लंबे समय से बोर्ड बैठक न होने से इंदिरापुरम में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है। जीडीए में जो पैसा दिया है उसका भी उपयोग नहीं हो रहा है। उन्होंने बताया कि हर सेक्टर में समस्या ही समस्या नजर आती है।

## अफसर की तानाशाही के चलते नहीं हो रही नगर निगम की बोर्ड बैठक : राधेश्याम त्यागी



**करंट क्राइम:** पार्षद राधेश्याम त्यागी का कहना है कि अफसरों की तानाशाही के चलते नगर निगम की बोर्ड बैठक नहीं हो रही है। सदन में तो पार्षद अपनी बात रखनी चाहिए लेकिन जब सदन ही नहीं चलेगा तो पार्षद अपनी समस्या किसे बताये। उन्होंने बताया कि वार्ड 57 में सीवर, कूड़ा, लाइट, मैनहोल आदि समस्या विकराल रूप से हैं। लेकिन इसका समाधान कैसे हो मकनपुर में पानी की समस्या वर्षों से चली आ रही है। लेकिन अभी तक नगर निगम ने कोई बजट नहीं बनाया बैठक में इस पर चर्चा की जाए और जल्द हो बोर्ड बैठक।



## संपादकीय

# जीवन में हो संतुलन

काम के दिन और घंटों से जुड़ा विवाद एक बार फिर तेज हो गया है। इनफोसिस के कोफाउंडर एन आर नारायणमूर्ति ने कुछ समय पहले देश के नौजवानों को यह सलाह दी थी कि उन्हें सप्ताह में 70 घंटे काम करना चाहिए। अब एल एंड टी के चेयरमैन एस.एन सुब्रमण्यम ने इस बात पर अपनी बेबसी जाहिर की है कि वह अपने कर्मचारियों से सप्ताह में 90 घंटे काम नहीं करवा पा रहे हैं। उनके मुताबिक कर्मचारियों को रविवार के दिन भी काम में जुटे रहना चाहिए।

देखा जाए तो बिजनेस हेडों और कंपनियों के सीईओ जैसे पदों पर काम कर रहे लोगों में यह सोच पहले से रही है कि कर्मचारियों को अधिक से अधिक काम करने के लिए प्रेरित किया जाए। व्यक्तिगत स्तर पर इस तरह के प्रयासों में कोई बुराई नहीं है, जब तक कि संबंधित कर्मचारियों के सामने इसे स्वीकार करने या न करने की स्वतंत्रता बनी रहती है। दिक्कत तब खड़ी होती है जब वे अपनी इस सोच को पॉलिसी के रूप में दूसरों पर लादने का प्रयास करते हैं या इसे राष्ट्र निर्माण जैसे मकसद की आड़ देते हैं।

ऐसे में यह सवाल उठता है कि क्या सचमुच किसी देश की या किसी कंपनी की भी उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि वहां लोग कितनी देर तक काम करते हैं। क्या काम की मात्रा ही सबकुछ है या काम की क्वॉलिटी पर भी ध्यान देने की जरूरत होती है? और जब बात क्वॉलिटी की हो तो क्या यह संभव है कि जिन कर्मचारियों के जीवन में क्वॉलिटी न हो, उनके काम में क्वॉलिटी बनी रहे?

जीवन में क्वॉलिटी बनाए रखने के लिए ही वर्क–लाइफ बैलेंस को जरूरी माना गया है। यही वजह है कि हर्ष गोयनका जैसे बिजनेस लीडर्स भी इसकी अहमियत को रेखांकित कर रहे हैं और यही वजह है कि दीपिका पादुकोण जैसी सिलेब्रिटीज भी इस बहस के संदर्भ में मेंटल हेल्थ का मुद्दा उठा रही हैं।

बात–बात में राष्ट्र का सवाल उठाने वाले बिजनेस बॉसों को समझना चाहिए कि राष्ट्र के विकास के लिए सिर झुकाकर खटते रहने वाले युवाओं से ज्यादा अहमियत स्वतंत्र चेतना वाले युवाओं की है। ऐसे युवाओं की जो वर्कप्लेस पर एम्प्लॉयी के रूप में अपना बेस्ट देने के बाद मनुष्य के रूप में अपने विकास पर ध्यान देते हों और परिवार, आस पड़ोस तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का भी अच्छे से निर्वाह करते हों।

# सरकार ने निर्यात बढ़ाने के लिए लॉन्च किया नेशनल हल्दी बोर्ड, किसानों को होगा फायदा

**नई दिल्ली।** देश में हल्दी के नए उत्पादों के विकास और रिसर्च के लिए सरकार ने मंगलवार को नेशनल हल्दी बोर्ड लॉन्च किया है। यह बोर्ड हल्दी की खेती से जुड़े किसानों के कल्याण और अच्छी वैराएटी एवं निर्यात पर ध्यान केंद्रित करेगा। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राष्ट्रीय राजधानी में बोर्ड का उद्घाटन किया और पल्ले गंगा रेड्डी को इसका अध्यक्ष घोषित किया। बोर्ड का मुख्यालय तेलंगाना के निजामाबाद में स्थापित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, बोर्ड महाराष्ट्र, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, मेघालय और अन्य सहित 20 राज्यों में फैले हल्दी किसानों के कल्याण पर विशेष ध्यान देगा। वैश्विक हल्दी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 62 प्रतिशत से अधिक है। वर्ष 2023-24 के



दौरान 226.5 मिलियन डॉलर मूल्य की 1.62 लाख टन हल्दी और हल्दी उत्पादों का निर्यात किया गया। केंद्रीय मंत्री गोयल ने कहा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में हल्दी उत्पादन बढ़ाने की अपार संभावनाएं हैं और हल्दी बोर्ड के गठन से देश में हल्दी उत्पादकों की आय में वृद्धि होगी। राष्ट्रीय हल्दी बोर्ड में विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि, निर्यातकों और उत्पादकों के निकायों के प्रतिनिधि भी शामिल होंगे। बोर्ड हल्दी के आवश्यक एवं औषधीय गुणों के बारे में जागरूकता पैदा करने और इसकी उपज बढ़ाने के तरीकों और नए बाजारों में व्यापार को बढ़ावा देने के लिए लॉजिस्टिक्स और सप्लाई चेन को बढ़ावा देने पर भी विचार करेगा। इसके अतिरिक्त, बोर्ड हल्दी उत्पादन और निर्यात की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को भी सुनिश्चित करेगा। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में 3.05 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में हल्दी की खेती की गई थी और इस दौरान उत्पादन 10.74 लाख टन रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वैश्विक हल्दी उत्पादन में भारत की हिस्सेदारी 70 प्रतिशत से अधिक है और यहां हल्दी की 30 किस्में उत्पादित की जाती हैं।

## भारतीय शेयर बाजार में तेजी लौटी

# 7 प्रतिशत की बढ़त के साथ अदाणी एंटरप्राइजेज बना टॉप गेनर

**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार के लिए मंगलवार का कारोबारी सत्र मुनाफे वाला रहा। बाजार के सभी सूचकांक हरे निशान में बंद हुए हैं। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 169.62 अंक या 0.22 प्रतिशत बढ़कर 76,499.63 और निफ्टी 90.10 अंक या 0.39 प्रतिशक की तेजी के साथ 23,176.05 पर था। बाजार में तेजी का नेतृत्व मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों ने किया। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 1,286.10 या 2.45 प्रतिशत की तेजी के साथ 53,676.50 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 335.70 अंक या 1.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 17,257.80 पर बंद हुआ। अदाणी ग्रुप के सभी शेयरों में तेजी थी। अदाणी एंटरप्राइजेज 7.05 प्रतिशत की बढ़त के साथ निफ्टी 50 का टॉप गेनर था। अदाणी पोर्ट्स 5.25 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी 13.52 प्रतिशत, अदाणी पावर 20 प्रतिशत और अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस 12.23 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। शेयर बाजार में बढ़त के कारण बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर सूचीबद्ध सभी कंपनियां का मार्केटकैप 6 लाख करोड़ रुपये बढ़कर करीब 423 लाख करोड़ रुपये हो गया है। बाजार के जानकारों ने कहा कि इस तेजी की वजह वैश्विक बाजारों में बढ़त होना और घरेलू स्तर पर महंगाई दर में कमी आना है, जिसके कारण आने वाली मौद्रिक नीति समिति की बैठक में आरबीआई द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना को बल मिला है। बाजार में बढ़ने वाले शेयरों की संख्या अधिक थी। बीएसई पर 2,881 शेयर हरे निशान में, 1,087 शेयर लाल निशान में और 105 शेयर बिना किसी बदलाव के बंद हुए। ऑटो, पीएसयू बैंक, फिन सर्विस, फार्मा, मेटल, रियल्टी, मीडिया, एनर्जी, प्राइवेट बैंक और इन्फ्रा सबसे ज्यादा बढ़ने वाले इंडेक्स थे। हालांकि, आईटी और एफएमसीजी इंडेक्स में बिकवाली थी। सेंसेक्स में अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, जोमैटो, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, बजाज फिनसर्व, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, एमएंडएम और पावर ग्रिड टॉप गेनर्स थे। एचसीएल टेक, एचयूएल, टाइटन, टीसीएस, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट टॉप लूजर्स थे।



# अदाणी समूह के शेयरों में गिरावट के बाद दिखा बड़ा एक्शन, कीमतों में 19% तक की आई तेजी




**नई दिल्ली।** बीएसई पर अदाणी पावर के शेयरों में 19.29 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 14.54 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 14.38 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 13 प्रतिशत और एनडीटीवी में 12.50 प्रतिशत की तेजी आई। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में शेयर 8.91 फीसदी, अदाणी पोर्ट्स में 6 फीसदी, अंबुजा सीमेंट्स में 4.79 फीसदी, एसीसी में 4.50 फीसदी, सांघी इंडस्ट्रीज में 4.22 फीसदी और अदाणी विल्मर में 3 फीसदी का उछाल आया। आइए जानें बाजार का हाल। शेयर बाजार में मंगलवार के कारोबारी सत्र के दौरान अदाणी समूह के शेयरों में बड़ा एक्शन दिखाई। कई शेयरों में खरीदारी के बीच बड़ी मांग दिखी। इस दौरान अदाणी पावर के शेयरों में पिछले दिन की गिरावट के बाद 19 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। बीएसई पर अदाणी पावर के शेयरों में 19.29 प्रतिशत, अदाणी ग्रीन एनर्जी में 14.54 प्रतिशत, अदाणी एनर्जी सॉल्यूशंस में 14.38 प्रतिशत, अदाणी टोटल गैस में 13 प्रतिशत और एनडीटीवी में 12.50 प्रतिशत की तेजी आई। अदाणी एंटरप्राइजेज के शेयर में शेयर 8.91 फीसदी, अदाणी पोर्ट्स में 6 फीसदी, अंबुजा सीमेंट्स में 4.79 फीसदी, एसीसी में 4.50 फीसदी, सांघी इंडस्ट्रीज में 4.22 फीसदी और अदाणी विल्मर में 3 फीसदी का उछाल आया। शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप सोमवार के कारोबार में अदाणी समूह के सभी शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में चार दिनों की तीव्र गिरावट के बाद मंगलवार को उछाल आया। तीस शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स दिनभर के कारोबार में 505.6 अंक चढ़कर 76,835.61 अंक पर पहुंच गया। वहीं एनएसई निफ्टी 179 अंक चढ़कर 23,264.95 अंक पर पहुंच गया।

## रोचक तथ्यों का करंट

- आपके पैर के पंजे में 26 हड्डियां हैं।
- औसतन इंसान के दिमाग में 78 प्रतिशत पानी होता है।
- अगर 1 से लेकर 100 तक संख्याओं को लगातार जोड़ा जाए तो जोड़ 5020 होता है।
- स्पंज में ठंडा पानी गर्म पानी से ज्यादा ठहरता है।
- धरती पर हर मिनिट में 6,000 बार बिजली गिरती है।
- आग उपर की तरफ, नीचे की तरफ की अपेक्षा अधिक तेजी से बढ़ती है।
- ऊंट के दूध का दही नहीं जमता।
- हाथी चौबीस घंटों में 4,5 घंटे के लिए सोता है।
- गाय को सीढ़ी चढ़ना संभव है जबकि वे सीढ़ी उतर नहीं सकती।
- मेंढ़क आंख बंद करके ही कुछ निगल सकता है।
- इंसान की जीभ सबसे अधिक तेजी से ठीक होती है।
- 45. आपके साथ नौ मिलियन और लोगों का भी जन्मदिन होता है।
- 1 मिनिट तक किस करने से 26 कैलोरी जलती है।
- सोने में आप ज्यादा कैलोरी जलाते हैं बयाय टीवी देखने के।
- आमतौर पर मेंढ़क पानी नहीं निगलते। उनकी स्किन के माध्यम से उन्हें नमी मिल जाती है।

# ट्रंप के शासन में विभिन्न क्षेत्रों में निर्यात के लिए अलग-अलग रणनीति बनाएगा दक्षिण कोरिया

**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया के उद्योग मंत्रालय ने मंगलवार को कहा कि उनका देश अगले सप्ताह नव–निर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण के बाद अमेरिका की व्यापार नीति में संभावित बदलावों के मद्देनजर विभिन्न क्षेत्रों के लिए अलग–अलग रणनीति तैयार करेगा। व्यापार, उद्योग एवं ऊर्जा मंत्रालय ने एक रिपोर्ट में कहा, यदि संयुक्त राज्य अमेरिका व्यापार संरक्षणवादी उपाय लागू करता है, तो उसका प्रभाव दक्षिण कोरिया के निर्यात पर पड़ेगा। मंत्रालय ने कहा कि वह वर्तमान में ट्रंप प्रशासन के संरक्षणवादी उपायों का मुकाबला करने के लिए रणनीति तैयार कर रहा है। इसमें कहा गया है कि दक्षिण कोरिया जापान, यूरोपीय संघ, कनाडा और मैक्सिको सहित प्रमुख साझेदारों के साथ समन्वित सूचना–साझाकरण प्रणाली भी बनाए रखेगा। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा से आयात होने वाले उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का वादा किया है, साथ ही चीन से आयातित वस्तुओं पर अतिरिक्त 10 प्रतिशत टैरिफ लगाने की बात भी कही है। ट्रंप के प्रस्ताव ने मैक्सिको और कनाडा में निवेश करने वाली दक्षिण कोरियाई कंपनियों के बीच चिंता पैदा कर दी है। ये कंपनियां उत्तरी अमेरिका के बाजारों तक पहुंचने के लिए यूएसएमसीए के रूप में ज्ञात यूएस–मैक्सिको–कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर निर्भर हैं। पत्रकारों के साथ एक बैठक के दौरान उद्योग मंत्री आहन डुक–ग्यून ने कहा कि दक्षिण कोरिया का ध्यान दक्षिण कोरियाई कंपनियों को प्रदान किए गए प्रोत्साहनों को बनाए रखने पर होगा। मंत्रालय ने कहा कि उसका प्रयास होगा कि 2025 में दक्षिण कोरिया का निर्यात बढ़े।






## राशिफल

**मेष:** आर्थिक लाभ हो सकता है। सितारे साथ दे रहे हैं, इसलिए छोटी हो या बड़ी किसी भी अवधि की योजना बनाने में आपके प्रयास आज अच्छे परिणाम देंगे।

**वृष:** आज का दिन अच्छा रहेगा। उदार स्वभाव आपके लिए कई खुशी के पल लेकर आएगा। पड़ोसियों से सकारात्मक व्यवहार देखने को मिलेगा।

**मिथुन:** वाक्पटुता से अपने निर्धारित कार्य को करने में सक्षम होंगे। गणेश बौद्धिक चर्चा में न आने की सलाह देते हैं। खाने में कन्फेक्शनरी मिल जाती है।

**कर्क:** आपका संगठन आपको व्यापार के लिए विदेश भेजने की तैयारी कर रहा है। विदेश में किया गया व्यापार शुभ लाभ देगा। अवसर का भरपूर लाभ उठाएं।

**सिंह:** आज का दिन सरप्राइज लेकर आएगा। जिन प्रयासों को आपने व्यर्थ माना था, आज उनका फल भी आपको मिलेगा। ऑफिस में काम का बोझ बढ़ सकता है।

**कन्या:** आज प्रभावशाली लोगों का सहयोग उत्साह को दोगुना कर देगा। रिश्तेदारों के साथ अपने संबंधों को नवीनीकृत करने का दिन है। धन लाभ होगा।

**तुला:** नए काम के साथ ढेर सारी जिम्मेदारियां भी सामने आएंगी। संस्थान के किसी भी तकनीकी कार्य में प्रतिभा उजागर होगी।

**वृश्चिक:** ज्यादातर काम पूरे होंगे। परिवार के सभी सदस्यों के रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। छात्र व्यावसायिक शिक्षा के लिए शॉर्ट टर्म कोर्स में शामिल हो सकते हैं।

**धनु:** आज क्रोध और वाणी पर संयम रखना होगा। विवादास्पद मुद्दों पर बहस करने से बचें, जो आपके और आपके प्रियजनों के बीच गतिरोध पैदा कर सकते हैं।

**मकर:** दिन कार्यक्षेत्र और आर्थिक क्षेत्र में फलदायी रहेगा। अपने समर्पण और दृढ़ता का प्रतिफल प्राप्त कर रहे हैं। आर्थिक दबाव को काफी हद तक कम कर सकता है।

**कुंभ:** आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। आज आपके सभी कार्यों में आत्मविश्वास की झलक मिलेगी, कई दिनों से चली आ रही रुकावटें आज दूर होंगी।

**मीन:** छात्रों के लिए थोड़ा मुश्किल भरा हो सकता है। पढ़ाई के दौरान एकाग्रता बढ़ाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। व्यापार से संबंधित समस्या का समाधान होगा।

## चुटकुले

साइंस की क्लास चल रही थी और पप्पू सो रहा था।
टीचर– पप्पू क्या हो रहा है ये सब
पप्पू– कुछ नहीं सर
टीचर– क्लास में सो रहे हो क्या ?
पप्पू– नहीं, सर गुरुत्वाकर्षण से सर नीचे गिर रहा है।
पप्पू की बात सुनकर टीचर मन ही मन हंसने लगा।

---

टिंकू को परेशान देखकर पिंकू ने उससे पूछा
क्या हुआ भाई आज इतने परेशान क्यों हो?
टिंकू– यार आज धमकी भरा लेटर मिला है।
उसमें लिखा है... मेरी बीवी से इश्क फरमाना छोड़ दो,
नहीं तो तुमको गोली से उड़ा दूंगा।
पिंकू– इसमें इतना परेशान होने वाली क्या बात हैं,
छोड़ दो उसकी बीवी को।
टिंकू– लेटर में नाम नहीं लिखा, इसलिए समझ नहीं आ रहा,
किसकी बीवी से इश्क फरमाना बंद करना हैं।
फिर क्या था पिंकू की हंसी बंद नहीं हो रही।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ–23, सैक्टर–6, नोएडा–201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी–2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया–पाया, संबंध–विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के–2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार) 8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# एल क्लासिको भिड़ंत में बार्सिलोना की रियल मैड्रिड पर लगातार दूसरी जीत, सुपर कप भी अपने नाम किया



**फ्रांस।** कोच कार्लो एंसेलोटी का रियल मैड्रिड के फुटबालरों में बार्सिलोना के हाथों मिली पिछली हार का बदला लेने का भरा गया जोश काम नहीं आया। स्पेनिश सुपर कप के फाइनल में बार्सिलोना ने इस बार भी रियल मैड्रिड पर 5-2 के अंतर से बड़ी जीत हासिल कर खिताब जीत लिया। रियल को यह हार तब मिली जब फ्रांस के स्टार फुटबालर काइलिन म्बापे ने उनके लिए पांचवें मिनट में ही शानदार गोल कर बढ़त दिलाई, लेकिन इसके बाद बार्सिलोना ने ऐसी वापसी की कि पहले ही हाफ में पांच गोल दागकर रियल की उम्मीदों को खत्म कर दिया। स्पेनिश ला लिगा के अक्तूबर में हुए पिछले मुकाबले में बार्सिलोना ने रियल पर 4-0 से जीत हासिल की थी। बार्सिलोना के लिए इस मुकाबले में गोल लैमिन यमाल, राबर्ट लेवांडोवस्की, राफिन्हा (दो गोल) और अलेजांद्रो बाल्डे ने किए। रियल के लिए दूसरा गोल रोड्रिगो ने दूसरे हाफ में किया।

बार्सिलोना के लिए वर्ष की शुरूआत काफी अच्छी रही है। उसने 2025 में यह लगातार तीसरा मुकाबला जीता है। इससे पहले उसे बीते वर्ष लगातार दो मैचों में हार मिली थी। सभी टूर्नामेंटों में 27 मैचों में 26 गोल करने वाले लेवांडोवस्की ने कहा, क्रिसमस की छुट्टियों ने यह जानने में सहायता की है कि हमने अब तक कहां पर क्या गलतियां की थीं। मैड्रिड को लगातार पांच मैचों में जीत के बाद यह पहली हार मिली है। एंसेलोटी ने कहा, यह हमारे लिए खराब रात थी। हम इसे छुपा नहीं सकते हैं, लेकिन यही फुटबाल है। अक्तूबर में हुए मुकाबले म्बापे को बार्सिलोना के रक्षकों ने उन्हें खुलकर नहीं खेलने दिया, लेकिन इस बारे उन्होंने पांचवें मिनट में ही शानदार गोल दागा। बार्सिलोना ने पांचों गोल पहले ही हाफ में किए। राफिन्हा इस सत्र में अब तक 19 और यमाल 8 गोल कर चुके हैं।

### एटलेटिको की रिकॉर्ड 14वीं जीत

एटलेटिको मैड्रिड ने ला लिगा में शानदार प्रदर्शन का क्रम जारी रखते हुए लगातार 14वीं जीत दर्ज की। उसने जूलिनय अल्वारेज के गोल की बदौलत ओसासुना को 1-0 से हराकर लीग में शीर्ष स्थान बना लिया है। एटलेटिको का यह लगातार जीत का सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड है। एटेलेटिको की दूसरे स्थान पर चल रहे रियल पर एक अंक की बढ़त है, जबकि तीसरे स्थान पर चल रहे बार्सिलोना पर उसकी छह अंक की बढ़त हो गई है। उसे पिछली हार 0-1 से 27 अक्तूबर को रियल बेटिस के हाथों मिली थी।

# भारतीय मूल के निशेष ने 10 बार के चैंपियन जोकोविच को चार सेटों तक कराया संघर्ष, अल्कारेज की आसान जीत





**नई दिल्ली।** भारतीय मूल के अमेरिकी टेनिस खिलाड़ी 19 वर्षीय निशेष बासवारेड्डी 10 बार के ऑस्ट्रेलियाई ओपन विजेता नोवाक जोकोविच के खिलाफ मैच नहीं जीत पाए, लेकिन उन्होंने रॉड लेवर एरिना में बैठे दर्शकों को अपने खेल से झूमने को मजबूर कर दिया। एकबारगी लगा कि निशेष वर्ष के पहले ग्रैंडस्लैम में बड़ा उलटफेर करने जा रहे हैं। वह पहला सेट जीत चुके थे और दूसरे सेट में शानदार खेल रहे थे, लेकिन 24 बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन 37 वर्षीय जोकोविच का अनुभव काम आया। उन्होंने 4-6, 6-3, 6-4, 6-2 से जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई।

जोकोविच अंतिम बार किसी ग्रैंडस्लैम के पहले दौर में वर्ष 2006 के ऑस्ट्रेलियाई ओपन में हारे थे। उन्हें यह हार अमेरिकी पॉल गोल्डस्टीन के हाथों मिली थी। यह निशेष के जन्म के कुछ माह बाद की घटना है। गोल्डस्टीन बाद में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी में निशेष के कोच बने। मैच के पहले घंटे में ऐसा लगा कि दोनों अमेरिकी मिलकर 19 वर्ष पहले की घटना को फिर दोहराकर जोकोविच के करिअर को नई दिशा देना चाहते हैं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ जोकोविच ने ग्रैंडस्लैम में 378वीं जीत दर्ज करने लिए 23 एस लगाए। जोकोविच ने भी कहा, निशेष पहले सेट और दूसरे सेट के आधे समय तक उनसे अच्छा खेले। मुझे उम्मीद है कि निकट भविष्य में हम उनके बारे में काफी कुछ देखेंगे। जोकोविच अगले दौर में पुर्तगाल के जेमी फारिया से भिड़ेंगे।

तीसरी वरीय स्पेन के कार्लोस अल्कारेज ने भी जीत से शुरूआत की है। उन्होंने कजाखस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेंको को सीधे सेटों में 6-1, 7-5, 6-1 से हराया। 21 वर्षीय अल्कारेज के लिए यह टूनार्मेंट महत्वपूर्ण है। वह अब तक चार ग्रैंडस्लैम जीत चुके हैं, लेकिन ऑस्ट्रेलियाई ओपन उन्होंने अभी तक नहीं जीता है। अगर वह इस बार ऐसा कर पाते हैं तो चारों ग्रैंडस्लैम जीतने वाले सबसे युवा टेनिस खिलाड़ी बन जाएंगे। वह अगले दौर में जापान के योशिहितो निशिओका से भिड़ेंगे। सितसिपास को हराने वाले विश्व नंबर 42 एलेक्स मिकेल्सन के करिअर की यह सबसे बड़ी जीत है। मिकेल्सन ने बीते सप्ताह ब्रिसबेन अंतरराष्ट्रीय टेनिस टूनार्मेंट के पहले दौर में भारत के सुमित नागल को हराया था।चोट के बाद वापसी कर रहे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी निक किर्गियोस की पहले ही दौर में विदाई हो गई। उन्हें विश्व नंबर 92 जैकब फर्नली ने 7-6, 6-3, 7-6 से हराया। 29 वर्षीय किर्गियोस ने मैच के बाद कहा कि संभवतः यह यहां उनका अंतिम एकल मैच था। जब आप बड़े टूनार्मेंट में खेल रहे हो और शारीरिक रूप से एक सेट जीतने के लिए संघर्ष कर रहे हो तो यह काफी कठिन होता है। मेरे पास अभी पूरा वर्ष पड़ा है। मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं लूंगा। 1998 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन जीतने वाले पेत्र कोर्डा के पुत्र अमेरिकी के 22वीं वरीय सेबिस्टिनय कोर्डा ने ल्यूकास क्लेइन को 6-3, 0-6, 6-3, 7-6 से पहले दौर में हराया।

### स्वियातेक और कोको भी जीतीं

बीते वर्ष डोप पॉजिटिव पाए जाने के बाद विवादों में रहे सिनर और पोलैंड की दूसरी वरीय इगा स्वियातेक को पहले दौर में जीत मिली है। सिनर को लग रहा था कि उनके हालिया डोपिंग विवाद को लेकर उन्हें रॉड लेवर एरिना पर दर्शकों का निशाना बनना पड़ सकता है, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सिनर ने कहा, वह दर्शकों की प्रतिक्रिया देखने के लिए बेताब थे। लेकिन वह दर्शकों को लेकर संतुष्ट हैं। पांच बार की ग्रैंडस्लैम विजेता इगा ने कैटरीना सिनियाकोवा को 6-3, 6-4 से हराया। तीसरी वरीय अमेरिकी कोको गॉफ का पहले दौर में सामना 2020 की विजेता सोफिया केनिन से था। 2023 का यूएस ओपन जीत चुकीं कोको ने उन्हें 6-3, 6-3 से पराजित किया।

# खो-खो विश्वकप में भारत का जीत के साथ आगाज, नेपाल पर हासिल की संघर्षपूर्ण जीत

**नई दिल्ली।** खो-खो विश्वकप के रंगारंग आगाज के बीच भारतीय टीम ने नेपाल को 42-37 से हराकर शानदार शुरूआत की। नेपाल ने भारत को कड़ी टक्कर दी, जिसकी उम्मीद नहीं की जा रही थी। नेपाल ने आक्रमण पर अपने दोनों टर्न जीते, लेकिन भारत ने पांच अंक से श्रेष्ठता दर्ज की। इससे पहले उपराष्ट्रपति जगदीप धनकड़ ने विश्वकप इंदिरा गांधी स्टेडियम में उद्घाटन किया।

इस मौके पर केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, दिल्ली के उपराज्यपाल विनय सक्सेना, राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा, केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे और भारतीय खो खो महासंघ के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल मौजूद रहे। विश्व कप में 23 देश शिरकत कर रहे हैं।

19 जनवरी को पुरुषों का फाइनल खेला जाएगा। नेपाल के खिलाफ मैच में भारत ने पहले आक्रमण करते हुए 24-0 से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे टर्न में नेपाल ने आक्रमण का फायदा उठाते हुए 20-0 से टर्न जीत लिया। तीसरे टर्न में आक्रमण की बारी भारत की थी, जिसका उसे फायदा मिला और 18-1 से जीत दर्ज की। अगले टर्न में नेपाल ने आक्रमण पर 16-0 से जीत दर्ज की, लेकिन भारत पांच अंकों की बढ़त के साथ जीत दर्ज करने में सफल रहा।



भारत ने पहले आक्रमण करते हुए 24-0 से जीत हासिल की, लेकिन दूसरे टर्न में नेपाल ने आक्रमण का फायदा उठाते हुए 20-0 से टर्न जीत लिया।

# बोपन्ना-निकोलस की जोड़ी पुरुष युगल के पहले दौर में हारकर बाहर, स्पेन के पेड्रो-मुनार ने हराया



**नई दिल्ली।** दुनिया के पूर्व नंबर एक टेनिस खिलाड़ी रोहन बोपन्ना और कोलंबिया के निकोलस बैरिएंटोस की जोड़ी मंगलवार को पेड्रो मार्टिनेज और जाउमे मुनार की स्पेनिश जोड़ी से हारकर ऑस्ट्रेलियाई ओपाना पुरुष युगल स्पर्धा से बाहर हो गई। बोपन्ना और बैरिएंटोस को लगभग दो घंटे तक चले मैच में 5-7, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत और कोलंबिया की 14वीं वरीय जोड़ी ने अच्छी शुरूआत की, लेकिन अहम क्षणों में वे पिछड़ गए और स्पैनिश जोड़ी जीत सुनिश्चित करने में सफल रही।

बोपन्ना और उनके जोड़ीदार ने मजबूत शुरूआत की और शुरूआती गेम में अपनी सर्विस बरकरार रखी। स्पेन की जोड़ी ने हालांकि धीरे धीरे लय पकड़ी और बेसलाइन पर प्रदर्शन में निरंतरता दिखाई। स्पेनिश जोड़ी ने अहम ब्रेक प्वाइंट बनाकर पहला सेट जीता। दूसरे सेट में भी मुकाबला बराबरी का रहा लेकिन टाइब्रेकर में स्पेनिश जोड़ी ने जीत दर्ज की।

44 वर्ष के बोपन्ना ने 2024 में ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन के साथ इस टूनार्मेंट में पुरुष युगल का खिताब जीता था। वह ओपन युग में ग्रैंडस्लैम खिताब जीतने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बने थे। बोपन्ना और एबडेन ने हालांकि पिछले साल नवंबर में तूरिन एटीपी फाइनल्स के बाद अलग होने का फैसला लिया। भारत के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल भी पहले दौर में चेक गणराज्य के थॉमस माचाक से हारकर बाहर हो गए।

# गौतम गंभीर और रोहित शर्मा के बीच नहीं चल रहा सब कुछ ठीक?

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को सिडनी टेस्ट में खराब फॉर्म से जूझने के कारण ड्रॉप होना पड़ा था। इसके बाद कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि गौतम गंभीर और हिटमैन के बीच सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। हालांकि, अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने साफ किया कि दोनों के बीच सब कुछ ठीक है। उन्होंने रोहित और गंभीर के बीच किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे पर नहीं चला रोहित का बल्ला

भारत को हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में 1-3 से हार का सामना करना पड़ा था। इस सीरीज में रोहित का प्रदर्शन काफी खराब रहा था जिसके बाद उनके भविष्य को लेकर अटकलों का बाजार गर्म हो गया था। इस सीरीज में उन्होंने कुल तीन मैच खेले। इनकी पांच पारियों में सिर्फ 31 रन बनाए। उनका बल्ला खामोश रहा। रोहित के खराब प्रदर्शन के कारण अटकलें लगाई जा रही थीं कि उनके और गंभीर के बीच मतभेद पैदा हो गए हैं। हालांकि, अब बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने इससे इनकार किया है। उन्होंने कहा- यह पूरी तरह से गलत बयान है, चयन समिति के अध्यक्ष (अजीत अगरकर) और कोच के बीच कोई मतभेद नहीं है, कप्तान और कोच के बीच भी कोई मतभेद नहीं है। यह सब बकवास है जो मीडिया के एक वर्ग में फैलाया जा रहा है।



### गंभीर ने खिलाड़ियों को दिया था अल्टीमेटम?

सिडनी टेस्ट से पहले अटकलें लगाई जा रही थीं कि मुख्य कोच गंभीर ने अनुभवी खिलाड़ियों को अच्छा प्रदर्शन करने के लिए अल्टीमेटम दिया था। इस पर बात करते हुए राजीव शुक्ला ने कहा- यह भी गलत है कि रोहित ने कप्तानी पर जोर दिया है। वह कप्तान हैं। फॉर्म में होना या न होना खेल का अभिन्न अंग है। ये चरण हैं, कोई नई बात नहीं है। जब उन्होंने देखा कि वह फॉर्म में नहीं हैं, तो उन्होंने पांचवें टेस्ट से खुद को बाहर कर लिया।

### कब होगी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम की घोषणा?

इस दौरान बीसीसीआई उपाध्यक्ष ने चैंपियंस ट्रॉफी पर भी बात की। उन्होंने बताया कि रविवार तक आगामी टूनार्मेंट के लिए स्क्वॉड का एलान कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि टीम का चुनाव 18-19 जनवरी के बीच होने वाली बैठक में किया जाएगा। उन्होंने कहा- चैंपियंस ट्रॉफी के लिए टीम की घोषणा 18 या 19 जनवरी को होने वाली बैठक के बाद की जाएगी।

# ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद घुटने के बल तिरुपति मंदिर की सीढ़ियां चढ़ते दिखे नीतीश



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी ऑस्ट्रेलिया से लौटने के बाद तिरुपति मंदिर पहुंचे। नीतीश ने अपनी यात्रा का वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में उन्हें अपने घुटनों पर मंदिर की सीढ़ियों को चढ़ते हुए देखा जा सकता है। इस ऑलराउंडर का यह वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो गया है। नीतीश ने ऑस्ट्रेलिया में शानदार प्रदर्शन किया था। वह सीरीज में चौथे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे।

इससे पहले नीतीश रेड्डी का बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024 में उनके शानदार प्रदर्शन के बाद विशाखापत्तनम में भव्य और भावनात्मक स्वागत किया गया था। नीतीश ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भारतीय टीम की खोज बने। उनके विशाखापत्तनम पहुंचने पर फैंस, परिवार के सदस्यों और मीडिया ने उन्हें बधाई दी। हवाई अड्डे पर फैंस ने 21 साल के इस खिलाड़ी पर पीले रंग के फूल बरसाई और उन्हें माला पहनाई। सोशल मीडिया पर साझा की गई तस्वीरों में नीतीश को एक खुली जीप में आगे बैठे दिख रहे हैं। उनके पिता मुत्यालु रेड्डी उनके साथ हैं। विशाखापत्तनम में नीतीश की गाड़ी आगे-आगे चल रही थी और फैंस उनके पीछे-पीछे चल रहे थे और उनके नाम के नारे लगा रहे थे।

नीतीश के लिए ऑस्ट्रेलिया दौरा भावनात्मक भी रहा था। सनराइजर्स हैदराबाद के इस ऑलराउंडर ने मेलबर्न में बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में शतक जड़ा था। टेस्ट सीरीज में नीतीश के प्रदर्शन ने उन्हें व्यापक पहचान दिलाई। अपनी पहली टेस्ट सीरीज खेलते हुए उन्होंने पांच मैचों में 37.25 की शानदार औसत से 298 रन बनाए। वह सीरीज में भारत के दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे थे। साथ ही उन्होंने पांच विकेट भी लिए थे।

# भारतीय टीम में पंत के अलावा बतौर विकेटकीपर किसे मिलेगा मौका? संजू-ईशान और जुरेल के बीच टक्कर

**मुंबई।** चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत में अब एक महीने से ज्यादा वक्त नहीं बचा है। ज्यादातर क्रिकेट बोर्ड ने अपनी-अपनी टीमों का एलान कर दिया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी टूनार्मेंट के लिए भी जल्द ही टीम का एलान करेगा। रविवार को बीसीसीआई की विशेष बैठक के बाद उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने बताया कि इस महीने 18 या 19 तारीख को चैंपियंस ट्रॉफी के स्क्वॉड के लिए बैठक हो सकती है। इस टूनार्मेंट से पहले टीम इंडिया इंग्लैंड के खिलाफ टी20 और वनडे सीरीज खेलती नजर आएगी। पांच मैचों की टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम का एलान कर दिया है, जिसमें संजू सैमसन और ध्रुव जुरेल को बतौर विकेटकीपर चुना गया है। हालांकि, ऋषभ पंत को आराम दिया गया है।



### पंत के अलावा कौन होगा चयनकताओं की पसंद?

यह बात किसी से नहीं छिपी है कि विकेटकीपर के रूप में चयनकताओं की पहली पसंद ऋषभ पंत ही हैं। अब सवाल यह है कि दूसरे विकेटकीपर के तौर पर किसे मौका मिलेगा। वनडे विश्व कप के दौरान यह भूमिका केएल राहुल ने निभाई थी। हालांकि, पिछले कुछ समय से पंत ही इस भूमिका को अदा करते नजर आए हैं। टीम में दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए ध्रुव जुरेल, संजू सैमसन और ईशान किशन के बीच त्रिकोणीय मुकाबला हो सकता है। मौजूदा परिस्थितियों को देखते हुए लगता है कि जुरेल इसमें बाजी मार सकते हैं।

दरअसल, संजू सैमसन ने विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेलने का फैसला किया था जिससे उनकी दावेदारी कमजोर नजर आ रही है। वहीं, ईशान किशन के टीम में चुने जाने पर संदेह है। वह पिछले साल घरेलू क्रिकेट में नहीं खेलने के कारण चयन समिति के रडार से दूर हो गए। जहां तक जुरेल का सवाल है तो उन्होंने जब भी मौका मिला तब विकेटकीपर और बल्लेबाज दोनों भूमिकाओं में प्रभाव छोड़ा। वह निश्चित तौर पर सीमित ओवरों की क्रिकेट के लिए भी चयन समिति की निगाह में हैं। इन दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपना दावा मजबूत किया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इन दोनों के कौशल से अच्छी तरह से अवगत हैं।

### कुलदीप अगर बाहर हुए तो रवि बिश्नोई और वरुण चक्रवर्ती में किसे मिलेगा मौका?

इसके अलावा सबसे बड़ी चिंता लेग स्पिनर को लेकर भी है। पीटीआई की रिपोर्ट में बताया गया कि चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में लेग स्पिनर की भूमिका कौन निभाएगा इसको लेकर भी चयन समिति की बैठक में गंभीर चर्चा हो सकती है। कुलदीप यादव को जल्द ही फिटनेस टेस्ट देना होगा और अगर वह फिट नहीं हो पाते हैं तो फिर तमिलनाडु के वरुण चक्रवर्ती और गुजरात के रवि बिश्नोई में से किसी एक को मौका मिल सकता है। इन दोनों ने टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करके अपना दावा मजबूत किया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी इन दोनों के कौशल से अच्छी तरह से अवगत हैं। गौतम गंभीर जब कोलकाता नाइट राइडर्स से जुड़े हुए थे तब चक्रवर्ती उस टीम का हिस्सा थे। गंभीर जब लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटर (मार्गदर्शक) थे तब बिश्नोई उस टीम के लिए खेलते थे।



# भारत के खिलाफ एक रन से 10000 का आंकड़ा छूने से चूकने के बाद स्मिथ ने तोड़ी चुप्पी

सिडनी में अपने घरेलू मैदान पर भारत के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट में 10 हजार टेस्ट रन पूरे करने से एक रन से चूकने के बाद ऑस्ट्रेलिया के स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ ने चुप्पी तोड़ी है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करना अलग ही बात है और भारत के खिलाफ उनके दिमाग में यह आंकड़ा घूमता रहा।

स्मिथ को इस आंकड़े तक पहुंचने के लिए सिडनी में 38 रन बनाने की जरूरत थी, लेकिन भारत के खिलाफ आखिरी टेस्ट में वह 37 रन ही बना सके। ऑस्ट्रेलिया ने वह टेस्ट छह विकेट से जीतकर एक दशक बाद बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी अपने नाम की। स्मिथ ने ह्यसेन 1170 ब्रेकफास्ट शो पर कहा, 'मैं आंकड़ों के बारे में ज्यादा नहीं सोचता लेकिन 10000 रन अलग बात है। ईमानदारी से कहूं तो यह मेरे दिमाग में घूम रहा था। मैच से पहले मीडिया इस बारे में इतनी बात कर रहा था क्योंकि मैं उस आंकड़े के करीब था।' नंबर 38 स्मिथ के दिमाग में इतना चल रहा था कि उन्होंने मजाक में कहा कि वह जोश हेजलवुड से हमेशा इसे जोड़कर देखेंगे क्योंकि हेजलवुड का जर्सी नंबर 38 है। उन्होंने कहा, 'मुझे पता था कि मुझे 38 रन चाहिए। मैं उस रात सोने गया तो हेजलवुड की शर्ट का पीछे का हिस्सा मुझे दिख रहा था क्योंकि उस पर 38 लिखा है। यह अजीब था क्योंकि यह मेरे दिमाग में लगातार घूम रहा था। खुशी की बात यह है कि हम मैच जीतने में सफल रहे लिहाजा यह मायने नहीं रखता था।' ऑस्ट्रेलियाई टीम अब दो टेस्ट की सीरीज के लिए श्रीलंका का दौरा करेगा जिसका पहला टेस्ट 29 जनवरी से गॉल में खेला जाएगा। स्मिथ ने कहा, 'सिडनी में अपने दोस्तों और परिवार के सामने इस आंकड़े तक पहुंचना शानदार होता लेकिन ऐसा हुआ नहीं। मैंने कभी सोचा नहीं था कि कैरियर में इस मुकाम तक पहुंच सकूंगा लेकिन यह सपना सच होने जैसा है।'

# राजू छाबड़ा ने व्यापारियों के साथ मनाया लोहड़ी का त्योहार





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के युवा प्रदेश कोषाध्यक्ष राजू छाबड़ा ने लोहड़ी के पावन त्योहार पर अपने प्रतिष्ठान पर व्यापारियों के साथ लोहड़ी मनाई और सब व्यापारियों ने एक-दूसरे को बधाई दी। मुख्य रूप से सुनील चाचा, रजनीश बंसल, उदयवीर लाडी, संजीव लाहोरिया, हरि मेहता, ललित खन्ना, धर्मपाल कुकरेजा, मुलायम पार्षद गोलू, मेहरा, ऋषि अरोड़ा, श्याम सुंदर, भोला, विनोद त्यागी, प्रदीप गुप्ता, अमित गुप्ता, आशीष चोपड़ा, मनोज गोयल, नीरज (बंटी चाप), गोपाल चंद्र, सचिन शर्मा, युग छाबड़ा, सुरेश गुप्ता, अक्षय नागपाल उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने लगाया आयुष्मान कार्ड कैंप



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद द्वारा मंगलवार को 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए। मकर संक्रांति की बधाई देते हुए सदैव सभी की सहायता करने का निवेदन किया गया। आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल गाजियाबाद तथा वरिष्ठ नागरिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी राकेश गुप्ता, मयंक गुप्ता के व्यापारिक प्रतिष्ठान फ्रैंक ऑप्टिकल, जस्सी बिल्डिंग पर आयोजित हुआ आयुष्मान कार्ड कैंप में वार्ड 33 के पार्षद धीरेंद्र यादव बिल्लू, पार्षद प्रत्याशी शरद शर्मा, पूर्व पार्षद अरुण जैन, पूर्व पार्षद सतीश चोपड़ा, डॉक्टर ओपी अग्रवाल, बालकिशन गुप्ता, पंडित अशोक भारतीय, संदीप त्यागी, रस्म मंगलसिंह सेवा सदन चंचल जैन, मदन गोपाल शर्मा, विपिन अग्रवाल, रजनी गुप्ता, प्रेम लता कोरी, मनोज अग्रवाल, विनीता पाल आदि के द्वारा आयुष्मान कार्ड कैंप में सहयोग दिया गया। इस अवसर पर आयुष्मान कार्ड टीम के सत्यम मिश्रा पंकज व सौरभ द्वारा 50 से ज्यादा वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।

आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी अखिलेश मोहन के निर्देश पर किया गया तथा राष्ट्रीय व्यापार मंडल ने गाजियाबाद के सभी वार्डों में आयुष्मान कार्ड कैंप लगाने का अपना संकल्प दोहराया। आयुष्मान कार्ड शिविर में दर्जा प्राप्त पूर्व राज्य मंत्री अशोक गोयल को बुके भेंट कर स्वागत किया गया।




## सरकार के मंत्री लगे हैं तब जाकर ये मडंल प्रधानी घर आई है

नई हवा की नई भाजपा में अब पुराने फूलों को अपने दिन याद आ रहे हैं। वो बता रहे हैं कि एक जमाना था जब मडंल वाले को टीम बनाना भी मुश्किल हो जाता था। एक वो दिन देख रहे हैं जब बूथ अध्यक्ष के घर पर नेम प्लेट भी ढोल बजा कर लडडू खिलाकर लग रही है। मडंल वालों की ताजपोशी का ये अभूतपूर्व जलवा देखकर पुराने पूर्व मडंल अध्यक्ष ने कहा कि हमारी बारी में ये लहर क्या इस शहर का रास्ता भूल गई थी। उनका ये रश्क देखकर मौहल्ला भाजपाई ने कहा कि आप जिस मडंल को मामूली मान रहे हैं ना अब वो मडंल का प्रधान भी मामूली नही हैं। बता दिया कि तुमको तो लग रहा है कि ऐसी ही बन गया और ढोल बज रहा है मगर आप थोड़ा अपडेट हो ले और ये समझ लें कि इस मडंल वाले पद के लिये मंत्री कद का व्यक्ति कई दरों पर जूझा हैं। इस मडंल वाले पद के लिये दूसरे स्टेट से लेकर सगंठन के कर्णधारों की सिफारिशे लगी हैं। अब आप ही बताओं कि ढोल बजाना और मिठाई बांटना तो बनता है कि नही।

## महानगर ना सही पर मोर्चो में तो कंसीडर होगें ब्राहम्ण ठाकुर लीडर

महानगर प्रधान कुर्सी वाली रेस शुरू हुई तो पता चला कि इस बार बेस ही कुछ ऐसा था कि ब्राहमण और ठाकुर तो यहां फेस ही नही थे। किसी के सियासी चमन में इस बात की बैचेनी है कि हमने तो मानी उनकी सब अर्जी लेकिन उनकी तीन वाली पर्ची में हमारा ही नाम नही। किसी को इस बात का मलाल कि उन्होने तो हमारा नाम तक नही लिया। अब प्लान बी पर काम शुरू हो गया है और मोर्चा की प्रधानी को लेकर बिसात बिछ रही है। मोर्चा में सेट होने के लिये सब कुछ अपडेट कर रहे नेता ने ही कहा कि माना कि अध्यक्षी वाली राह में कई रोड़े हैं मगर मोर्चो के ताज में तो पावर सेंटरों की ईगो न आ रही है रास्ते में। उन्होने कहा कि मोर्चा की प्रधानी में तो ब्राहम्ण और ठाकुर चेहरों का रास्ता बनेगा ही। महानगर में ना हुये तो ना सही पर मोर्चो की ताजपोशी में तो शंख वाले भी कंसीडर होगें और तलवार वालों पर भी विचार किया जायेगा।

## देवतुल्य ये रूल वूल मत बताओं तुम बस कृपा पाने का जुगाड़ बताओं

नवभाजपाई की एक बड़ी दिलक तमन्ना है कि उसका कद हाई हो और सगंठन से लेकर सरकार कृपा तक कुछ तो पद हो। उसने पुराने देवतुल्य से सलाह ली तो उन्होनें उसे अलाने जी से लेकर ढिमके जी से मिलने की सलाह दी। पुराने देवतुल्य ने नवभाजपाई को बताया कि ऐसे नही होता है राजा कि आज आओ और कल बन जाओ। बता दिया कि दस साला शिजरा होना जरूरी है और दो बार के सक्रिय मेंबर होना जरूरी है। इससे पहले ओल्ड देवतुल्य कुछ कहते उनके मुंह पर अंगुली रखते हुये ने नये देवतुल्य को बताया कि अरे यार ये रूल वूल छोड़ो और तुम बस कृपा का जुगाड़ बताओ। नवभाजपाई ने नई हवा की परिभाषा बताते हुये कहा कि पुरानों को दफा करों। उन्होने कहा कि जो चुनावी रण में फूल को हराने के लिये उतरे उन्हे मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। जो कभी फर्जी पास में थाने तक सैर कर के आये थे उन शिक्षाविद को भी सरकारी कृपा से नवाजा गया। जो सांसद बने और जो एमएलसी बने उनके पास ही कौन सा दस साला शिजरा था। जिन्हे घर से बुलाकर डायरेक्ट प्रदेश सरकार में वजीर बनाया गया था वो ही कौन सा दस साला भाजपाई थे।

# उजागर फाउंडेशन ने वाहनों की फिटनेस पर सवाल उठाए

## अवैध वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर जिम्मेदार व्यक्तियों से की जाए वसूली : शिवानी जैन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तरप्रदेश परिवहन निगम से मिलता-जुलता रंग से रंगी बसों द्वारा राज्य सरकार को राजस्व की हानि पहुंचाने वाली बसों की उजागर फाउंडेशन ने प्रदेश के परिवहन आयुक्त को साक्ष्यों सहित की शिकायत। शिकायत पर पूर्व महापौर, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद, जिला न्यायालय के अधिवक्ताओं, पार्षदों, पूर्व पार्षदों सहित अनेक समाजसेवियों ने हस्ताक्षर कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।

वाहनों की फिटनेस के समय के रंग व फिटनेस बाद के रंगों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग। अवैध वाहनों के दुर्घटनाग्रस्त होने पर सरकारी खजाने से मुआवजा देने बजाए संबंधित जिम्मेदार व्यक्तियों से की जाए वसूली। उजागर फाउंडेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवानी जैन ने पत्र के माध्यम से आयुक्त से अनुरोध किया कि वे इन बसों की अपने स्तर से निष्पक्ष तथा सघन जांच कराएंगे तो स्पष्ट हो जायेगा कि फिटनेस के समय भी परमिट के अनुसार रंग था अथवा निर्धारित रंग से विपरीत रंग था। यदि खामी पाए जाए तो फिटनेस हेतु निरक्षण करने वाले संबंधित वाहन निरीक्षक के खिलाफ कार्यवाही की जाए। उजागर फाउंडेशन ने इस संबंध में समस्त तथ्यों तथा साक्ष्य को अवलोकन हेतु प्रस्तुत किया है जिनका संज्ञान लेकर तदनुसार दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्यवाही की जानी चाहिए। प्रमुख सचिव को भेजे गए पत्र में पूर्व महापौर आशु वर्मा, पूर्व भाजपा महानगर अध्यक्ष विजय मोहन, एडवोकेट दीपक ढींगरा, एडवोकेट बिजेंद्र शर्मा, एडवोकेट प्रेमपाल, पार्षद नीरज गोयल, राजकुमार नागर, पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल, हिमांशु लव, सोशल एवरनेस सोसायटी के अध्यक्ष विनीत शर्मा, राष्ट्रीय व्यपार मंडल के पदाधिकारियों सहित अनेक सामाजिक लोगों ने हस्ताक्षर कर नियमानुसार कार्यवाही की मांग की है।

# पूर्व पार्षद महेंद्र चौधरी ने स्टॉल लगाकर लोगों को बांटी खिचड़ी









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को वसुंधरा सेक्टर-14 शिव मंदिर के सामने पूर्व पार्षद महेन्द्र चौधरी, पार्षद शिल्पा चौधरी ने स्टॉल लगाकर राहगीरों को खिचड़ी भोज कराया। मकर संक्रांति पर्व को नगर में धूमधाम से मनाया गया। मौसम ने भी इस पर्व को मनाने में पूरा सहयोग दिया। इसके साथ ही सुबह शिव मंदिर पर खिचाड़ी का प्रसाद विवतरण किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक रूप चौधरी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अजय चौधरी, महानगर उपाध्यक्ष युवा मोर्चा आशीष चौधरी, पार्षद गौरव सोलंकी, पार्षद प्रतिमा शर्मा, पार्षद नरेश भाटी, पार्षद सतेंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद अरविंद चौधरी, संजीव झा, अनुज कश्यप, बिक्रम बंसल, रविंद्र प्रधान, मुकेश पोसवाल, सतीश नागर, सुभाष सिंह, अजीत सिंह, रीता सिंह, मोनिका गुर्जर, एस पी सिंह, वीरेंद्र त्यागी, रेखा त्यागी आदि लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया।

# वार्ड 83 की पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने मकर संक्रांति पर्व पर बांटी खिचड़ी और चाय









**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 83 पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कार्यालय पर मकर संक्रांति पर्व पर स्टॉल लगाकर खिचड़ी और चाय का वितरण किया गया। पार्षद कार्यालय पर सभी लोगों को बुलाकर खिचड़ी देसी घी, दही, मँगफूली गुड के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया। इस मौके पर पार्षद सचिन डागर, सत्येंद्र रावत, संजीव त्यागी, राजीव निझावन, नरेंद्र चौधरी, निशा चौहान, शालीमार अध्यक्ष शैलेंद्र सक्सैना, सुशील शर्मा, प्रतीक माथुर, सी.एल. बरेजा, के.डी. शर्मा, मुरारी लाल गोस्वामी, डॉ. अनिल शर्मा, दीपक अग्रवाल अशोक गुप्ता आटे वाले संतोष मिश्रा मोतीलाल मिश्रा, हर्ष मिश्रा, इन्दर शर्मा, सौरभ चौधरी, नरेश चौहान, अनिल शर्मा, विक्रम बैसला, अनिल जुल्का, हरीश गर्ग, मदन मास्टर, दीपक गुप्ता, श्याम शर्मा, हरीश गौड़, ज़िलाध्यक्ष बालकिशन गुप्ता, अशोक भारतीय, पार्षद राहुल शर्मा, श्याम शर्मा संदीप पाल, भुपेंद्र नयाल, करमवीर नागर, पार्षद हिमांशु शर्मा, मैनपाल सिंह भाटी, सुरेश कसाना, रवि बैसोया, मुकेश शर्मा, मण्डल अध्यक्ष आलोक शर्मा मधुसूदन शर्मा, हर्ष जैन, डॉ. डी.पी. नागर, पार्षद प्रमोद राघव, सुशील शर्मा, डॉ. अक्षय नागर, भारत त्यागी, हिमांशु शर्मा, अश्विनी शर्मा, बी.सी. जैन, धीरज मुद्गल, दीपक नागर, सुनील कुमार, पं. गिरधारी लाल शास्त्री, मास्टर प्रवीन शर्मा, संजीव खारी, बाबू तेजपाल सिंह, गोपीचंद, आशीष शर्मा, प्रकाश जोशी, विनोद मिश्रा, पार्षद मदन राय, सुधीर कसाना, वी.के. शर्मा, मदनपाल शर्मा, राजपाल कौशिक सैकड़ो लोग ने प्रसाद ग्रहण किया।

# मकर संक्रांति पर महाकुंभ में अखाडों का पहला अमृत स्नान सम्पन्न: महंत नारायण गिरि महाराज





**प्रयागराज (करंट क्राइम)।** प्रयागराज महाकुंभ में पहला अमृत स्नान मंगलवार को मकर संक्रांति पर हुआ तो ऐसा लगा कि मानो पूरा ब्रहमांड ही संगम पर बस गया। जिधर भी नजर जाए उधर ही करोडों ऋषि मुनि, साधु-संत व भक्त नजर आ रहे थे। मंगलवार को सभी 13 अखाड़ों ने अमृत स्नान किया। श्री दूधेश्वर पीठाधीश्वर व श्री पंच दशनाम जूना अखाडा के अंतरराष्ट्रीय प्रवक्ता महंत नारायण गिरि महाराज ने बताया कि सबसे पहले महानिवार्णी व अटल अखाड़ा के साधु-संतों ने स्नान किया। महानिवार्णी व अटल अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी ने प्रातः 5.15 बजे शिविर से प्रस्थान किया और 6.15 बजे संगम पर पहुंची। महानिवार्णी व अटल अखाड़ा के साधु-संतों ने 40 मिनट तक स्नान किया और प्रातः 6.55 से संगम से प्रस्थान कर 7.55 पर पर अपने शिविर पहुंचे। महानिरंजनी-आनंद अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी प्रातः 6.05 पर शिविर से संगम के निए निकली व 7.05 पर संगम पहुंची। 40 मिनट तक स्नान करने के बाद अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी ने 7.45 पर संगम से प्रस्थान किया और 8.45 पर शिविर पहुंची। जूना-आहवान-पंच अग्नि अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी शिविर से संगम के लिए प्रातः 7 बजे निकली व 8 बजे संगम तक पहुंची। 40 मिनट के स्नान के बाद जूना-आहवान-पंच अग्नि अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 8.40 बजे संगम से शिविर के लिए निकली व 8.45 पर शिविर पहुंची। निमोर्ही अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी शिविर से 9.40 पर निकली व 10.40 पर संगम पहुंची। 30 मिनट के स्नान के बाद निमोर्ही अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 11.10 बजे संगम से रवाना हुई व 12.10 पर शिविर पहुंची। दिगम्बर अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 10.20 पर शिविर से निकली व 11.20 पर संगम पहुंची। 50 मिनट के स्नान के बाद 12.10 पर संगम से रवाना होकर दोपहर 1.10 पर शिविर पहुंची। निवार्णी अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 11.20 से शिविर से निकली व 12.20 पर संगम पहुंची। 30 मिनट के स्नान के बाद सवारी 12.50 पर संगम से रवाना होकर 1.50 पर शिविर पहुंची। नया पंचायती अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 12.15 बजे शिविर से संगम के लिए रवाना हुई। संगम पर 1.15 से 2.10 तक स्नान के बाद सवारी 3.10 पर शिविर पहुंची। बडा पंचायती अखाड़ा के साधु-संतों की सवारी 1.20 से शिविर से निकली व 2.20 पर संगम पहुंची। 3.20 तक स्नान के बाद सवारी 4.20 पर शिविर पहुंची।

# अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मकर संक्रांति पर किया खिचड़ी के प्रसाद का वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद ने मंगलवार को मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में खिचड़ी के प्रसाद का वितरण किया एवं सभी को मकर संक्रांति की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है, इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रूप में जाना जाता हैं जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं। बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व 'तिला संक्रांत' नाम से भी प्रसिद्ध है। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं। इस मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सह संयोजक नागेश गुर्जर ने कहा कि सूर्य नारायण भागवान सभी पर अपना आशीर्वाद बनाएं रखें।

# टप्पेबाज गिरोह का भंडाफोड़, नकली नोटों का लालच देकर महिलाओं के गहने लूटते थे, 2 गिरफ्तार



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ नगर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए टप्पेबाजी करने वाले दो शातिर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली के सुल्तानपुरी के रहने वाले 18 वर्षीय हिमांशु और 26 वर्षीय सूरज को रेलवे गोदाम के पास स्थित पानी की टंकी के नीचे से पकड़ा गया। क्षेत्राधिकारी जितेंद्र कुमार शर्मा के अनुसार, आरोपी एक सुनियोजित तरीके से अपना शिकार चुनते थे। वे रास्ते में घूमते हुए भोले-भाले लोगों, विशेषकर महिलाओं को अपना निशाना बनाते थे।

नकली नोटों की गड्डी दिखाकर लालच देते और मौका मिलते ही उनके गहने लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से महत्वपूर्ण बरामदगी की है, जिसमें तीन जोड़ी सोने के कुंडल, दो जोड़ी सोने की बाली, एक सोने का गले का ओम और 6,500 रुपए की नकदी शामिल है। यह गिरफ्तारी पिछले साल हापुड़ कोतवाली क्षेत्र में हुई टप्पेबाजी की घटना की जांच के दौरान की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया



है और अब पुलिस इस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश में जुटी है।

# लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा का हुआ स्वागत



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** मंगलवार को लाजपत नगर मंडल के वार्ड 85 में नवनियुक्ति मंडल अध्यक्ष आलोक शर्मा का स्वागत पूर्व पार्षद विनोद शर्मा द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में अशुतोष शर्मा (पूर्व पार्षद) माधव शूद रेखा शर्म (पूर्व पार्षद) प्रकाश पोरवाल सुभाष शर्मा विद्यामानी शुक्ला नरेश पाल कैलाश तलवार रविकांत विजय शंकर पांडे सरदार देवेन्द्र पाल सिंह महेश शर्मा परम हंस शिव कुमार उमेश शर्मा देवेंद्र गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़, फायरिंग में 2 को लगी गोली



नोएडा (करंट क्राइम)। बिसरख थाना पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान चार बदमाशों को गिरफ्तार किया, जिनमें से दो को पैर में गोली लगी। ये बदमाश 9 जनवरी को श्री बाला जी किचन एक्यूपमेंट में हुई चोरी में शामिल थे। मंगलवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि चोरी का सामान ले जाने के लिए बदमाश पंचविहार कालोनी की तरफ आ रहे हैं। पुलिस ने चिपियाना में चेकिंग शुरू की। जब एक महिंद्रा बुलेरो पिकअप को रोकने का इशारा किया गया, तो बदमाशों ने गाड़ी भगा ली और पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में दो बदमाश घायल हो गए। घायल बदमाशों की पहचान हापुड़ निवासी मुनाफ और गुलजार के रूप में हुई। कॉम्बिंग के दौरान पिकअप में सवार अन्य दो बदमाश - हापुड़ निवासी आजाद और गाजियाबाद निवासी गोलू को भी गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से चोरी में इस्तेमाल की गई महिंद्रा बुलेरो पिकअप, चोरी का सामान, दो तमंचे, दो जिंदा कारतूस और दो खोखा कारतूस बरामद किए। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस बदमाशों के आपराधिक इतिहास की जांच कर रही है।

# अमेरिका में बड़े पैमाने पर होगा डाटा केंद्रों का निर्माण, एआई ढांचे को मिलेगा बढ़ावा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर एक महत्वपूर्ण आदेश पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद अमेरिका में उन्नत (एडवांस्ड) एआई के लिए जरूरी बुनियादी ढांचे को सुनिश्चित करना है, जैसे बड़े पैमाने पर डाटा केंद्र और नई स्वच्छ उर्जा सुविधाएं।



## 'तेज करें एआई ढांचे का विकास'

बाइडन ने संघीय एजेंसियों को निर्देश दिया कि वह सरकारी जगह पर एआई ढांचे का विकास तेज करें। इस आदेश में इन बुनियादी ढांचों को सुरक्षित तरीके से बनाने के लिए कुछ नियम भी तय किए गए हैं। बाइडन ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आम लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए एआई का सही इस्तेमाल जरूरी है।

इस कार्यकारी आदेश में यह भी कहा गया कि रक्षा और उर्जा विभाग उन स्थानों की पहचान करेंगें, जहां निजी कंपनियां एआई डाटा केंद्र बना सकें। इसके अलावा, इन कंपनियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वे अपने डाटा केंद्र के लिए पर्याप्त स्वच्छ उर्जा का उत्पादन करें।

राष्ट्रपति बाइडन ने कहा कि यह प्रयास इस तरह से किया जाए कि यह स्थानीय समुदायों की भावनाओं का सम्मान रखे और अमेरिका के नागरिकों अतिरिक्त दबाव न डाले। इसके अलावा, सभी निर्माण कार्य सार्वजनिक श्रम समझौतों के तहत होंगे, ताकि स्थानीय मजदूरों को रोजगार मिले।

## 'पर्याप्त उर्जा और संसाधनों की उपलब्धता जरूरी'

अधिकारियों का कहना है कि एआई मॉडल को प्रशिक्षित करने और उनका संचालन करने के लिए तेजी से बढ़ती कंप्यूटिंग शक्ति और उर्जा की जरूरत है। बाइडन प्रशासन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं कि अमेरिका में इन एआई डाटा केंद्रों के निर्माण के लिए पर्याप्त बिजली और संसाधन उपलब्ध हों।
बाइडन ने यह भी कहा कि यह कदम अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए जरूरी है। यह सुनिश्चित किया जाए कि एआई की शक्तिशाली प्रणाली अन्य देशों के हाथ में न जाएं। इससे अमेरिका को एआई तकनीक में आत्मनिर्भर बनने में मदद मिलेगी और अन्य देशों पर निर्भरता कम होगी।

## स्पेन में विदेश मंत्री ने भारतीय समुदाय से की बात

# कहा- दुनिया में आज भारत की स्थिति महत्वपूर्ण

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर इन दिनों अपनी दो दिवसीय स्पेन दौरे पर हैं। मैड्रिड में उन्होंने भारतीय समुदाय को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जब किसी दूसरे देश का विदेश मंत्रालय और राजदूत आपसे आकर बात करने के लिए कहते हैं, तो यह सोचने लायक बात है कि ऐसा क्यों है? दुनिया में आज भारत की स्थिति बहुत महत्वपूर्ण है। आज दुनिया के सभी देशों को लगता है कि भारत के साथ अच्छे संबंध रखना हमारे हित में है। उन्होंने कहा कि आज बहुत कम देश हैं जो रूस और यूक्रेन, इस्राइल और ईरान से बात करने की स्थिति में हैं और पीएम मोदी दोनों से ही बात करने में सक्षम हैं। बहुत कम देश हैं जो क्वाड के सदस्य होने और ब्रिक्स के सदस्य हैं। यह बहुत ही अनोखा है। अगर आप आज दुनिया को देखें तो यह बहुत ही ध्रुवीकृत है। इस ध्रुवीकृत दुनिया में भारत एक ऐसा देश है जो



सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को दुनिया में ले जाने में सक्षम है।

## बंगलूरू में खुलेगा स्पैनिश दूतावास

विदेश मंत्री ने कहा कि बार्सिलोना में हमारा एक वाणिज्य दूतावास है। जल्द ही बंगलूरु में एक स्पैनिश वाणिज्य दूतावास होगा। इससे साफ है कि हमारे संबंध गहरे हो रहे हैं। व्यापार बढ़ रहा है। हमने तय किया है कि हम 2026 को ऐसे वर्ष के रूप में मनाएंगे जिसमें हम दोनों देशों में संस्कृति, पर्यटन और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का आदान-प्रदान करेंगे। इसलिए 2025 में हम 2026 की तैयारी के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि हम कोविड की बात करें तो भारत ही वह देश था जिसने कई देशों को टीका दिया। दुनिया के 99 देश ऐसे हैं जो कहते हैं कि अगर मुझे मेरा टीका मिला, तो यह भारत की वजह से था। इसलिए बहुत कठिन परिस्थितियों में भी हमने देशों की मदद की है। मुझे याद है कि एक बार स्पेन राष्ट्रपति सांचेज ने हाइड्रोक्सी क्लोरोक्वीन की आपूर्ति के बारे में पीएम मोदी से फोन पर बात की थी।

## भारत के पास दुनिया के लिए कुछ करने की क्षमता

उन्होंने कहा कि हमारे पास जो कुछ भी था, हमने जो कुछ भी बनाया, उसमें दुनिया के लिए कुछ करने की इच्छा थी। हम एक ऐसा देश हैं जहां एक औसत भारतीय सालाना 3000 यूरो कमाता है। स्पेन में औसत आय 45,000 यूरो है, जो कि एक भारतीय से 15 गुना ज्यादा है। यह पैसे या संसाधनों का सवाल नहीं है। यह दिल और दिमाग का सवाल है। भारत के पास दुनिया के लिए कुछ करने की क्षमता, सोच, सहानुभूति है। विदेश मंत्री ने कहा कि पिछले 10 साल में हमने कम आय वाले लोगों के लिए 40 लाख घर बनाए और दिए हैं। औसत भारतीय परिवार पांच है। 40 लाख घरों का मतलब स्पेन की आबादी का 54 गुना है। अगर आप स्वास्थ्य को देखें, तो आज भारत का 1/3 हिस्सा यानी 400 मिलियन लोग, यानी स्पेन की आबादी का लगभग 9 या 10 गुना आयुष्मान भारत के माध्यम से मुफ्त स्वास्थ्य या सब्सिडी वाले स्वास्थ्य के दायरे में हैं। गैस सिलिंडर के लाभार्थियों की संख्या 110 मिलियन रसोई है, लोग नहीं। जब आप कैशलेस भुगतान को भी देखते हैं, तो हम एक महीने में 16 बिलियन का लेनदेन करते हैं। अमेरिका एक साल में 4-5 बिलियन करता है, हम एक महीने में 16 बिलियन करते हैं।

## पीएम ने प्रवासी भारतीयों के योगदान को महत्व दिया

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने कहा कि मैंने अपना पूरा कार्यकाल विदेश नीति में बिताया है। पिछले 10 साल में मैंने जो सबसे बड़ा बदलाव देखा है, वह यह है कि भारत सरकार और भारत के लोगों ने प्रवासी समुदाय के योगदान को महत्व दिया है। ईमानदारी से कहूं तो इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी अकेले ही जिम्मेदार हैं। उन्होंने हमें समझाया है कि आप दुनिया के लिए कितने मूल्यवान हैं? मैं आपका धन्यवाद करता हूं। आप जो कर रहे हैं, उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं। देश हमेशा आपके साथ है।

## न्यूज डायरी

### अमेरिकी सरकार ने टाइटैनिक मलबे के बचाव अधिकारों पर मुकदमा वापस लिया

**वांशिगटन।** अमेरिकी सरकार ने टाइटैनिक के मलबे को बचाने के अधिकारों की मालिक कंपनी के खिलाफ अपना मुकदमा वापस ले लिया है। सरकार ने यह कदम इसलिए उठाया क्योंकि अब कंपनी के पास मलबे तक पहुंचने के लिए कोई अभियान योजना नहीं है, जो संघीय कानून का उल्लंघन कर सकती हो। हालांकि, यह मुकदमा वापस लेना यह नहीं दशार्ता कि आरएमएस टाइटैनिक इंक भविष्य में फिर से टाइटैनिक के मलबे को देखने या उससे ऐतिहासिक वस्तुएं निकालने का प्रयास नहीं करेगी। कंपनी ने पिछले महीने कहा था कि वह अभी भी भविष्य में ऐसे अभियानों की संभावनाओं पर विचार कर रही है। गौरतलब है कि अमेरिका ने शुक्रवार को वर्जीनिया में एक संघीय कोर्ट में अपनी कानूनी लड़ाई वापस ले ली, जो टाइटैनिक के मलबे के मामलों को देखती है। यह 5 वर्षों में फ्टर टाइटैनिक इंक. के खिलाफ लड़ा गया दूसरा मुकदमा था। अमेरिका ने 2023 में मुकदमा दायर किया था जब कंपनी ने जहाज के पतवार की तस्वीरें लेने और मलबे से वस्तुएं निकालने की योजना बनाई थी। साथ ही अमेरिका का कहना था कि मलबे को छेड़ना 2017 के संघीय कानून और ग्रेट ब्रिटेन के साथ किए गए समझौते का उल्लंघन होगा, क्योंकि दोनों देशों इस स्थान को एक पवित्र स्थल मानते हैं, जहाँ 1912 में टाइटैनिक के हिमखंड से टकराने के बाद 1,500 से ज्यादा लोग मारे गए थे।

### जिमी कार्टर की याद में वेस्ट बैंक में लगाए गए 250 जैतून के पेड़

**फलस्तीन।** उत्तरी वेस्ट बैंक के एक शहर में फलस्तीनी कार्यकर्ता और निवासी दिवंगत अमेरिकी राष्ट्रपति जिमी कार्टर की याद में जैतून के पेड़ लगाने के लिए एकत्र हुए। उन्हें फिलिस्तीनी मुद्दों का मजबूत समर्थक माना जाता था। मामले में फिलिस्तीनी किसान संघ के कार्यकारी प्रबंधक अब्बास मेलहेम ने बताया कि फ्रीडम फार्म नामक बाग में 250 नए जैतून के पेड़ लगाए गए हैं, जो 10 डनम (2.5 एकड़) में फैला हुआ है। पेड़ों को जंगली जानवरों और चरमपंथी यहूदी बसने वालों से बचाने के लिए खेत को बाड़ से घेरने का फैसला लिया गया है, क्योंकि इस प्रकार के हमले पहले भी हो चुके हैं। मेलहेम ने कहा कि जिमी कार्टर की विरासत फलस्तीन में लोगों के बीच जीवित रहेगी, क्योंकि उन्होंने हमेशा फिलिस्तीनी लोगों के स्वतंत्रता संघर्ष का समर्थन किया। यह परियोजना ट्रीडोम फॉर फिलिस्तीन नामक एक अमेरिकी गैर-लाभकारी संस्था द्वारा शुरू की गई है, जो पेड़ लगाकर फिलिस्तीनी किसानों की मदद करती है।

### ओक्लाहोमा के अटॉर्नी जनरल जेंटनर ड्रमंड ने गवर्नर पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की

**ओक्लाहोमा।** ओक्लाहोमा के रिपब्लिकन अटॉर्नी जनरल जेंटनर ड्रमंड ने सोमवार को गवर्नर पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की। रिपब्लिकन पार्टी के गवर्नर और अन्य राजनेताओं के खिलाफ धर्म को पब्लिक स्कूलों में घुसाने की कोशिशों के खिलाफ आवाज उठाने वले ड्रमंड ने यह घोषणा अपने परिवार के खेत के पास पावुस्का में ओसेज काउंटी फेयरग्राउंड में की।

### जापान में 6.9 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी

**जापान।** जापान के क्यूशू द्वीप पर सोमवार को 6.9 तीव्रता के तेज भूकंप झटके महसूस हुए। इसके बाद जापान ने संभावित सुनामी की चेतावनी भी जारी की है। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के मुताबिक, भूकंप का केंद्र दक्षिण-पश्चिमी द्वीप क्यूशू में जमीन में 37 किमी की गहराई में था। अब तक भूकंप से किसी तरह के नुकसान या लोगों के हताहत की कोई जानकारी नहीं आई है। तिब्बत में फिर भूकंप के झटके : तिब्बत के टिंगरी काउंटी में सोमवार को एक बार फिर भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.9 और 5.0 रही। 7 जनवरी को भूकंप से यहीं पर 126 मौतें हुई थीं।

### म्यांमार में भूस्खलन, 12 लोगों की मौत, 30 से 40 लापता

**म्यांमार।** भारत के पड़ोसी देश म्यांमार के जेड खनन क्षेत्र में सोमवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर कम से कम 12 लोगों की मौत हो गई। 30-50 लोग लापता हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। 50 से अधिक मकान भूस्खलन की जद में आए गए। यह घटना यंगून से करीब 950 किमी दूर काचिन प्रांत के हपाकांत टाउनशिप की है। टर्लिंग मेंग नाम के स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि अब तक 12 शवों को निकाला गया है। इसमें चार बच्चे हैं। 50 से अधिक घर कीचड़ की चपेट में आ गए।

### ऑस्कर नामांकनों के एलान में देरी

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया में फैली भीषण जंगलों की आग के कारण इस साल के ऑस्कर नामांकनों के एलान को एक बार फिर टाल दिया गया है। अब इसमें एक सप्ताह की देरी की गई है। एकेडमी ऑफ मोशन पिक्चर आर्ट्स एंड साइंसेज ने सोमवार को बताया कि अब 23 जनवरी को नामांकन घोषित किए जाएंगे। नामांकन की तारीख दूसरी बार टाली गई है। इससे पहले इसे 17 जनवरी से बदलकर 19 जनवरी किया गया था।

### जेफ बेजोस की कंपनी ब्लू ओरिजिन ने स्थगन के बाद फिर शुरू की लॉन्चिंग की तैयारी

**कैलीफोर्निया।** अरबपति कारोबारी जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन ने सोमवार को अपने नए रॉकेट की लॉन्चिंग टाल दी थी, लेकिन अब मंगलवार को फिर से कंपनी ने लॉन्चिंग की तैयारी शुरू कर दी है। दरअसल 320 फीट के न्यू ग्लेन रॉकेट को प्रोटोटाइप उपग्रह के साथ सोमवार की सुबह केप कैनावेरल से लॉन्च किया जाना था, लेकिन रॉकेट के कुछ हाइड्रोलिक सिस्टम और लॉन्च कंट्रोलर को पावर देने वाली यूनिट में बर्फ जम जाने से लॉन्चिंग टल गई थी। अब ब्लू ओरिजिन ने कहा है कि मंगलवार के खराब मौसम के पूर्वानुमान के कारण और देरी हो सकती है। न्यू ग्लेन रॉकेट का नाम पृथ्वी की परिक्रमा करने वाले पहले अमेरिकी जॉन ग्लेन के नाम पर रखा गया है। यह ब्लू ओरिजिन के न्यू शेपर्ड रॉकेट से पांच गुना ऊंचा है।

### उत्तर कोरिया ने मिसाइल का परीक्षण किया, दक्षिण कोरियाई सेना का दावा

**दक्षिण कोरिया।** दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया ने 2025 के अपने अपने पूर्वी जल की ओर कम से कम एक अज्ञात प्रक्षेपास्त्र का परीक्षण किया है। दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। पिछले सप्ताह भी उत्तर कोरिया ने बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया था। गौरतलब है कि उत्तर कोरिया लगातार अपने परमाणु संपन्न हथियारों के जखीरे का विस्तार कर रहा है।

# लॉस एंजिलिस में दहक रही आग को कैसे बुझाया जा रहा, क्या है विमानों से बरसता 'पिंक फ्लेम'?

**लॉस एंजिलिस।** लॉस एंजिलिस में भड़की आग को शांत करने के लिए अमेरिकी सरकार पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है। आग पर काबू पाने के लिए हेलीकॉप्टरों से पानी के साथ हजारों गैलन गर्म 'पिंक फ्लेम' (गुलाबी धुआं) गिराया जा रहा है। आइए जानते हैं कि यह लॉस एंजिलिस की आग से अब तक कितनी तबाही हुई और आग पर काबू पाने के लिए उपयोग किया जा रहा पिंक फ्लेम क्या और यह कैसे काम करेगा?

## अब तक 26 लोगों की मौत, 12 हजार से ज्यादा इमारतें खाक

पिछले मंगलवार से अमेरिकी पश्चिमी तट पर लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी आग ने तबाही मचा रखी है। इसमें अब तक 26 लोगों की मौत हो गई है और 12 हजार से अधिक इमारतें खाक हो गईं हैं। तेज सैंटा एना हवाओं के कारण लगी आग ने लगभग 38 हजार एकड़ इलाके को खाक कर दिया है।

## क्या है पिंक फ्लेम?

लॉस एंजिलिस में आग बुझाने के लिए पिंक




फ्लेम का उपयोग किया जा रहा है। दक्षिणी कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय में सिविल और पर्यावरण इंजीनियरिंग के प्रोफेसर डैनियल मैककरी ने बताया कि पिंक फ्लेम आम तौर पर पानी, अमोनियम फॉस्फेट और आयरन ऑक्साइड का मिश्रण है। लॉस एंजिलिस की वन सेवा का कहना है कि पिंक फ्लेम से आग को ऑक्सीजन नहीं मिलती है। यह वनस्पति और अन्य सतहों को ठंडा करके जलने की दर को धीमा करते हैं। अग्निरोधी पदार्थ की आपूर्ति करने वाली कंपनी पेरीमीटर का कहना है कि फॉस्फेट पौधों में सेल्यूलोज को कम कर देता है और उन्हें गैर-ज्वलनशील बनाता है। इसका रंग इसलिए गुलाबी है ताकि दमकल कर्मियों को यह पता चल सके कि इसका कहां-कहां उपयोग हो चुका है।

लॉस एंजिलिस में क्यों हो रहा इसका उपयोग

अमेरिकी अग्निशमन एजेंसी कैल फायर का कहना है आग तेजी से घाटियों और अन्य ऊबड़-खाबड़ क्षेत्रों में फैल रही है। तमाम इलाके ऐसे हैं जहां अग्निशमन कर्मियों का पहुंचना मुश्किल है। इसलिए हेलीकॉप्टर के जरिये पानी के साथ पिंक फ्लेम गिराया जा रहा है। हेलीकॉप्टर से गिराए जा रहे पिंक फ्लेम की अपनी सीमा है। तेज हवाएं इसको नुकसान पहुंचा सकती है। बताया जा रहा है कि कैल फायर के अलावा अमेरिकी वन सेवा, लॉस एंजिलिस और वेंचुरा काउंटी अग्निशमन विभाग, शहर और नेशनल गार्ड पिंक फ्लेम गिराने में मदद कर रहे हैं।

पिंक फ्लेम के वन्यजीवों पर प्रभाव को लेकर लोग चिंतित हैं। यूएससी के मैककरी ने कहा कि उन्होंने और अन्य शोधकताओं ने कई आग बुझाने वाले पदार्थों का परीक्षण किया और पाया कि इसमें क्रोमियम और कैडमियम सहित भारी धातुएं हैं। जो कैंसर और किडनी की बीमारी पैदा कर सकती हैं। आग बुझने के बाद ये रसायन जलमार्गों में क्रोमियम और अन्य भारी धातुओं की मात्रा में वृद्धि में योगदान कर सकते हैं।

# अमेरिका को तेल शिपमेंट रोकने के समर्थन में नहीं

**वाशिंगटन।** डोनाल्ड ट्रंप के कनाडा को अमेरिका का 51वां राज्य बनाने की कोशिश में टैरिफ लगाने की धमकी पर अल्बर्टा की प्रीमियर डेनियल स्मिथ ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोमवार को कहा कि वह अमेरिका को ऊर्जा आपूर्ति रोकने के कदम का समर्थन नहीं करेंगी, जो अमेरिकी राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा के उत्पादों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी के जवाब में उठाया जा सकता है।

डैनियल स्मिथ ने फ्लोरिडा में एक पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि तेल और गैस किसी भी देश को चलाने के लिए प्रमुख संसाधन के तौर पर माने जाते है। एसे में अल्बर्टा और वे स्वयं भी ऐसी धमकियों को स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि किसी ऐसी चीज की धमकी नहीं देनी चाहिए जिसे आप वास्तव में कर नहीं सकते। गौरतलब है कि अल्बर्टा से हर दिन 4.3 मिलियन बैरल तेल अमेरिका



जाता है, जो अमेरिकी कुल खपत का एक चौथाई है। कनाडा अमेरिका को तेल के मुख्य आपूर्तिकर्ता देशों में से एक है।

साथ ही स्मिथ ने यह भी कहा कि कनाडा इस बात पर विचार कर रहा है कि अगर अमेरिका टैरिफ लगाए, तो वह अमेरिकी उत्पादों पर जवाबी टैरिफ लगा सकता है, जैसे संतरे का जूस, टॉयलेट और कुछ स्टील उत्पाद। बता दें कि स्मिथ अगले सप्ताह ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में भी शामिल होंगी और हाल के दिनों में अमेरिकी अधिकारियों से मिलकर बातचीत कर रही हैं।

# 'हिजबुल्ला को फिर से खड़ा होने में मदद कर रहा ईरान', संयुक्त राष्ट्र में इस्राइल ने लगाए आरोप



**यूएन।** इस्राइल ने संयुक्त राष्ट्र में आरोप लगाया है कि ईरान लेबनान में हिजबुल्ला को फिर से खड़ा करने में मदद कर रहा है। इस्राइल ने कहा कि ईरान, हिजबुल्ला को फिर से हथियार देकर मजबूत करने की कोशिश कर रहा है, जिससे हिजबुल्ला, इस्राइल और पश्चिम एशिया के लिए खतरा बना हुआ है। बीते दिनों अमेरिकी खुफिया विभाग ने भी चेतावनी दी थी कि ईरान, हिजबुल्ला को फिर से मजबूत करने की कोशिश कर रहा है। इससे अमेरिका और इसके सहयोगियों को खतरा है।

## इस्राइल ने समझौते के उल्लंघन का लगाया आरोप

बीते साल नवंबर में इस्राइल और हिजबुल्ला के बीच युद्धविराम समझौता हुआ था। इस समझौते के तहत दोनों पक्षों में 13 माह से चल रही लड़ाई बंद हुई थी। समझौते के तहत दक्षिणी लेबनान में लेबनानी आर्मी को तैनात किया जाना था और हिजबुल्ला और इस्राइल अपनी-अपनी सेनाएं हटाएंगे। हालांकि दोनों ही पक्षों ने एक दूसरे पर समझौते के उल्लंघन का आरोप लगाया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को इस्राइस के राजदूत डैनी डेनन ने एक पत्र लिखा है, जिसमें उन्होंने कहा है कि हिजबुल्ला की सैन्य क्षमता लड़ाई में काफी कम हुई है, लेकिन अब वे फिर से अपनी ताकत बढ़ाने में जुट गए हैं और इस काम में उनकी मदद ईरान कर रहा है।

## इस्राइल ने हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का किया सफाया

डैनन ने कहा कि यह बेहद जरूरी है कि लेबनानी सरकार और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय सीरिया-लेबनान सीमा और हवाई और समुद्री मार्गों के जरिए होने वाली हथियारों, गोला-बारूद और वित्तीय सहायता की तस्करी पर रोक लगाने पर ध्यान केंद्रित करे। गौरतलब है कि बीते साल इस्राइल ने लेबनान में हिजबुल्ला के ठिकानों पर ताबड़तोड़ हमले किए और हिजबुल्ला के शीर्ष नेतृत्व का लगभग सफाया कर दिया है। इस्राइल ने हिजबुल्ला के शीर्ष नेता हसन नसरल्ला को भी निशाना बनाकर ढेर कर दिया था। इस्राइल के हमलों में लेबनान में हजारों लोगों की मौत हुई थी।

# न्याय विभाग ने ट्रंप के खिलाफ जांच की रिपोर्ट अमेरिकी संसद भेजी, 2020 चुनाव नतीजे पलटने के हैं आरोप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ 2020 में चुनाव नतीजे पलटने के आरोप में मामला चल रहा है। अब इस मामले की जांच रिपोर्ट अमेरिकी न्याय विभाग ने मंगलवार को अमेरिकी संसद के सदस्यों को भेजी है। इस मामले के विशेष अभियोजक जैक स्मिथ ने यह रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में जैक स्मिथ ने कहा है कि ट्रंप पर आरोप लगाने का फैसला मेरा था।

## रिपोर्ट क्यों की गई सार्वजनिक

इस मामले में अमेरिकी इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ, जब किसी पूर्व राष्ट्रपति को संघीय मामले में आरोपी बनाया गया। अमेरिकी मीडिया के अनुसार, ट्रंप ने इस रिपोर्ट को गुप्त रखने की कोशिश की, लेकिन वे सफल नहीं हो सके और रिपोर्ट अब सार्वजनिक कर दी गई है क्योंकि फिलहाल यह मामला बंद है। जैक



स्मिथ ने गोपनीय दस्तावेज से जुड़े मामले में भी जांच रिपोर्ट तैयार की है, लेकिन वह रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई क्योंकि अभी उस मामले में सुनवाई चल रही है।

न्याय विभाग (डीओजे) के विशेष वकील जैक स्मिथ ने ट्रंप पर जो आरोप लगाए थे, उनमें अमेरिका को धोखा देने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने की साजिश, आधिकारिक कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास, और अधिकारों के विरुद्ध साजिश जैसे आरोप शामिल हैं। हालांकि ट्रंप ने सभी आरोपों से इनकार किया और खुद को निर्दोष बताया था।

## 6 जनवरी के दंगे के दोषियों को माफ कर सकते हैं ट्रंप

रिपोर्ट तब जारी की गई है जब ट्रम्प ने कहा कि वह 6 जनवरी 2020 को कैपिटल हिल में हुए दंगे के आरोपियों को माफ करने की तैयारी कर रहे हैं। 6 जनवरी के दंगे के मामे में 1,580 से अधिक लोगों पर आरोप लगाए गए हैं और 1,270 से अधिक को गैरकानूनी परेड से लेकर देशद्रोह जैसे आरोपों में दोषी ठहराया गया है। इनमें से 700 से अधिक लोग पहले ही अपनी सजा पूरी कर चुके हैं या उन्हें सजा ही नहीं हुई।

दंगे के मामले में सजा पाए लोगों में प्राउड बॉयज के पूर्व अध्यक्ष एनरिक टैरियो भी शामिल हैं, जिन्हें 2023 में देशद्रोही साजिश का दोषी पाया गया था और संघीय जेल में 22 साल की सजा सुनाई गई थी।

# युद्ध विराम समझौते के बीच गाजा पट्टी में हमला, 18 लोगों की मौत

**इस्राइल।** इस्राइल-हमास के बीच युद्ध विराम समझौते पर चल रही वार्ता के बीच गाजा पट्टी में इस्राइल ने हमला किया। इन हमलों में महिलाओं और बच्चों समेत 18 लोगों की जान चली गई। यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को मध्य इस्राइल में मिसाइल से हमला किया। हमले के चलते सायरन बजने लगे और अफरा-तफरी मच गई।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने बताया कि गाजा के मध्य शहर डेर अल-बलाह में हुए दो हमलों में दो महिलाएं और उनके चार बच्चे मारे गए। बच्चों की उम्र एक महीने से लेकर नौ साल के बीच थी। अल-अक्सा शहीद अस्पताल में शवों को रखा गया है। मरने वाली एक महिला गर्भवती थी। इसके अलावा यूरोपियन अस्पताल ने बताया कि दक्षिणी शहर खान यूनिस में हुए दो हमलों में 12 लोग मारे गए। अधिकारियों का कहना है कि इस्राइल और हमास के बीच पिछले एक साल से चल रही वार्ता अब अंतिम मुद्दे पर



पहुंचेगी और हमले रुक जाएंगे।

हमलों को लेकर इस्राइल की सेना ने कोई जवाब नहीं दिया। इस्राइल लगातार कहता रहा है कि वह केवल हमास के लड़ाकों निशाना बनाता है। वे विस्थापितों के लिए बनाए गए आश्रयों और तंबू शिविरों में नागरिकों के बीच छिपकर उनके देश पर हमले कर रहे हैं। इस्राइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते पर वार्ता जारी है। बताया जा रहा है कि इस्राइल और हमास के बीच युद्ध विराम वार्ता अंतिम चरण में पहुंच गई है। हमास इस पर तैयार हो गया है कि वह पहले चरण में 33 इस्राइली बंधकों को रिहा कर देगा। बताया जा रहा है कि समझौते को लेकर अंतिम दौर की वार्ता मंगलवार को कतर के दोहा में होगी।

## हूतियों ने इस्राइल पर दागी मिसाइल

यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने मंगलवार को मध्य इस्राइल में मिसाइल से हमला किया। हमले के चलते सायरन बजने लगे और अफरा-तफरी मच गई। इसके बाद लोग शेल्टर होम्स में छिप गए। यमन की मिसाइल को इस्राइल ने हवा में ही तबाह कर दिया। इस हमले में किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। हालांकि आश्रय स्थलों की तरफ भागते हुए कुछ लोग चोटिल हो गए। इस्राइली सेना ने एक इमारत की छत पर गिरी मिसाइल की तस्वीर साझा की। हूतियों ने भी मिसाइल हमले की पुष्टि की।

**हमास इस पर तैयार हो गया है कि वह पहले चरण में 33 इस्राइली बंधकों को रिहा कर देगा। बताया जा रहा है कि समझौते को लेकर अंतिम दौर की वार्ता मंगलवार को कतर के दोहा में होगी।**

इससे पहले सोमवार रात को भी इस्राइल में एक हमला हुआ था, जिसका भी आरोप हूती विद्रोहियों पर ही लगा था। यमन के ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने 2014 से यमन की राजधानी सना पर कब्जा कर रखा है। गाजा पर हमले के विरोध में हूती विद्रोही इस्राइल पर हमले कर रहे हैं। खासकर लाल सागर से गुजरने वाले इस्राइली जहाजों को हूती विद्रोहियों ने निशाना बनाया है।

हमास ने सात अक्तूबर 2023 को इस्राइली शहरों पर पांच हजार से ज्यादा रॉकेट दागकर हमले की शुरूआत की थी। इसके बाद हमास के आतंकियों ने इस्राइल में घुसकर लोगों को मौत के घाट उतारा। इसके जवाब में इस्राइल ने हमास आतंकियों के खिलाफ गाजा में ऑपरेशन शुरू किया था। इस ऑपरेशन में गाजा स्थित हमास के ठिकानों पर जबरदस्त बमबारी की गई है, जिससे अधिकतर गाजा खंडहर में तब्दील हो गया है। उस समय हमास ने इस्राइल में हमला कर करीब 1,200 लोगों को मार डाला और 250 लोगों को अगवा कर लिया था। अब भी करीब 100 बंधक गाजा में हैं, जिनमें से इस्राइल का मानना है कि एक तिहाई बंधक हमले में मारे गए थे या कैद में मारे गए।

## ट्रंप बोले- समझौते के करीब इस्राइल और हमास

अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि गाजा के लिए युद्ध विराम समझौता पूरा होने के करीब है। मैं समझता हूं कि हाथ मिला लिया गया है और यह पूरा होने के करीब है। इस सप्ताह के अंत तक यह पूरा हो जाएगा। समझौते के एक चरण में गाजा पट्टी से कुछ बंधकों को बाहर लाया जाएगा। ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह से पहले युद्ध विराम के लिए इस्राइल और हमास पर दबाव डाला जा रहा है। यह समझौता मई में राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा निर्धारित और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा समर्थित रूपरेखा पर आधारित होगा।

# स्वर्गीय कैप्टन बलबीर सिंह की जन्म जयंती पर भंडारे का आयोजन










गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वरिष्ठ पत्रकार विपिन पिंटू तोमर ने अपने पिता स्वर्गीय कैप्टन बलबीर सिंह की 85वो जन्म जयंती पर भंडारे का आयोजन किया। गोविंदपुरम शिव हनुमान मंदिर में आयोजित इस भंडारे में पिंटू तोमर ने अपने स्वर्गीय पिता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उनकी जन्म जयंती पर भंडारा वितरित किया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच प्रसाद वितरित किया

# पूर्व पार्षद हिमांशु लव तथा लॉयंस क्लब ने किया मकर संक्रांति पर खिचड़ी का भंडारा




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति का पर्व भारतवर्ष तथा नेपाल के सभी प्रांतों में अलग-अलग नाम व भांति-भांति के रीति-रिवाजों द्वारा भक्ति एवं उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया जाता है।

मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है।

मकर संक्रांति के पावन अवसर पर पूर्व पार्षद हिमांशु लव तथा लाइंस क्लब समर्पण के माध्यम से खिचड़ी के भंडारे का आयोजन किया गया। हिमांश लव के परिवार के सभी सदस्य मनु वशिष्ठ पौत्र, अगस्त्य वशिष्ठ, एकता सिंह, आंचल, लव, सुनीता अग्रवाल, संजय कुलश्रेष्ठ, दिलीप कुमार, मुकेश कुमार, विवेक पंडित, सोबिन नागर, राजेश नागर, हरिराम आदि सब लोगों ने भंडारे का वितरण किया। भंडारे में बैंकट हॉल के मालिक संजय सतीजा का विशेष सहयोग रहा।

# अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा ने मनाया मकर संक्रांति पर्व

## विधायक संजीव शर्मा और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने किया भंडारे का शुभारंभ



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** मकर संक्रांति पर्व के अवसर पर अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा द्वारा अंबेडकर रोड पर भंडारा आयोजित किया गया। भंडारे का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा और पूर्व विधायक सुरेंद्र कुमार मुन्नी ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रविंद्र चौहान और राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू ने मकर संक्रांति पर सभी देशवासियों को बधाई दी।

राष्ट्रीय लोकदल के खेल प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री निरपाल चौधरी भंडारे में मुख्य रूप से पहुंचे। व्यापार महासभा के राष्ट्रीय महासचिव विजय कौशिक ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और प्रसाद वितरण कराया। अंबेडकर रोड के बाद व्यापार महासभा के पदाधिकारी ने स्टेशन रोड पर भी भंडारा लगाया जिसमें मुख्य रूप से संरक्षक चौधरी तेजपाल सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता इंद्रजीत सिंह टीटू, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीश मल्होत्रा, शुभम गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष, प्रदेश संयोजक संजीव अरोड़ा, पार्षद नीरज गोयल, संतोष कौशिक , योगेन्द्र कौशिक, विजय कौशिक, पूर्व ब्लाक प्रमुख संतोष यादव, व्यापारी नेता नरेंद्र कुमार नंदी , राष्ट्रीय सचिव राजेश बंसल, राष्ट्रीय महासचिव मधु शर्मा, कानूनी सलाहकार विनीत गॉड, दिनेश शर्मा, चिंटू, युवा महानगर अध्यक्ष संगठन सलाहकार नौशाद प्रिंस, एसपी कपूर, लोक दल के प्रदेश सचिव ऑडी त्यागी, जिला महासचिव प्रदीप त्यागी, अजय चोपड़ा, अंबेडकर मार्केट अध्यक्ष राजीव बनवारी लाल कराटे, वेल्फेयर सोसाइटी के महासचिव राजीव मुंडेलवाल, नीलम, ज्योति, गौरव, अंशु उपस्थित रहे। भंडारे का आयोजन अखिल भारतीय औद्योगिक एवं व्यापार महासभा के सभी सदस्य गणों के सहयोग से संपन्न हुआ।

# केनरा बैंक की संस्था सीनियर केनराइट्स ने किया मकर संक्रांति पर खिचड़ी प्रसाद वितरण

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** केनरा बैंक के रिटायर्ड लोगों की संस्था सीनियर केनराइट्स द्वारा मंगलवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का भव्य आयोजन नेहरू नगर गाजियाबाद शाखा के पास आयोजित किया गया। खिचड़ी प्रसाद सैकड़ों लोगों को 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक बांटा गया।

मकर संक्रान्ति भारत के प्रमुख पर्वों में से एक है। मकर संक्रांति पूरे भारत और नेपाल में भिन्न रूपों में मनाया जाता है। पौष मास में जिस दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है, उस दिन इस पर्व को मनाया जाता है। वर्तमान शताब्दी में यह त्योहार जनवरी माह के चौदहवें या पन्द्रहवें दिन ही पड़ता है, इस दिन सूर्य धनु राशि को छोड़ मकर राशि में प्रवेश करता है। तमिलनाडु में इसे पोंगल नामक उत्सव के रूप में जाना जाता हैं जबकि कर्नाटक, केरल तथा आंध्र प्रदेश में इसे केवल संक्रांति ही कहते हैं। बिहार के कुछ जिलों में यह पर्व 'तिला संक्रांत' नाम से भी प्रसिद्ध है। मकर संक्रान्ति पर्व को कहीं-कहीं उत्तरायण भी कहते हैं।



कार्यक्रम में सक्रिय सहयोग करने वालों में सर्वश्री वी पी सिंह, एम पी सिंह, पीके अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, पी के मल्होत्रा, आर के त्यागी, पी के वार्ष्णेय, ए के सिंह, सुशील गुप्ता, स्वामी शरण अग्रवाल, श्यामा सूद, पुष्पी कौशिक आदि रहे।

# मकर संक्रांति पर्व पर लोहा मंडी में किया गया खिचड़ी प्रसाद का वितरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को संस्था के कार्यालय 108 लोहा मंडी पर क्षेत्र के निवासियों, मजदूर भाइयों और अन्य को खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल के अध्यक्ष डॉ.अतुल कुमार जैन द्वारा लोहड़ी पर्व और मकर संक्रांति पर्व की सभी को शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। गाजियाबाद लोहा विक्रेता मंडल सदैव क्षेत्र के विकास व्यापारियों की हित की रक्षा हेतु और समाज सेवा के विभिन्न कार्यों में लगातार संलग्न रहता है ।

खिचड़ी वितरण कार्यक्रम में डा.अतुल कुमार जैन,दीपक सिंघल, अंबरीश जैन,मोहनलाल अग्रवाल, संजय मित्तल,सुशील जैन, विजेंद्र चौधरी, विकास जैन, हर्षित सिंघल इत्यादि उपस्थित रहे।

# न्यूड वीडियो बनाने वाले 8 आरोपी अरेस्ट

## डेटिंग ऐप पर फंसाकर बुलाते थे और फिर करते थे ब्लैकमेल, 70 हजार रुपए बरामद

**एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में दो पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है।**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद पुलिस ने एक ऐसे गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो डेटिंग ऐप के जरिए युवकों को फंसाकर ब्लैकमेलिंग करता था। पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी डेटिंग ऐप पर युवकों से दोस्ती कर उन्हें फ्लैट पर बुलाते थे। वहां पहुंचने पर उन्हें जबरन नग्न कर वीडियो बनाते और फिर वायरल करने की धमकी देकर पैसे वसूलते थे।

एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव के अनुसार, थाना मधुबन बापूधाम क्षेत्र में दो पीड़ितों की शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। गिरफ्तार आरोपियों में कपिल वर्मा, संदीप, नितिन चौहान, दीपक वर्मा, अरुण, अभिषेक बालियान, अभिषेक चौधरी और अर्जुन शर्मा शामिल हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी पहले युवकों को सेक्शुअल एक्टिविटी का झांसा देते थे। फिर उन्हें बंधक बनाकर जान से मारने की धमकी देते और वीडियो वायरल करने का डर दिखाकर पैसे ऐंठते थे। पुलिस के मुताबिक, गिरोह ने अब तक दो युवकों से करीब 2 लाख रुपए की वसूली की है। आरोपियों के पास से 9 मोबाइल फोन और 70 हजार रुपए नकद बरामद किए गए हैं। पुलिस अन्य पीड़ितों की तलाश में जुटी है, क्योंकि आशंका है कि गिरोह ने कई और युवकों को अपना शिकार बनाया होगा।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी चलती है अध्यक्षों के घोषणा वाली बात? तब ना जो क्यों पूर्व वाले विधायक देते हैं इस बात पर अलग ही रूप? बार-बार ले आते हैं वो टेंडर को बीच में? ना जाने वो क्या करना चाहते हैं प्रुफ? लगता है उनकी बात के पीछे है कोई मायावी संदेश? टेंडर खुलना अभी बाकी है, देखते हैं बाहर आता है कौन सा फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा सौलंकी भैया अब से दो दिन पहले तक थे ठाकुर फैक्टर में प्रबल दावेदार? मगर हाल ही में आये हैं उनके शब्द कुछ ऐसे? लग रहा है उनको जैसे, ठाकुर फैक्टर अब अध्यक्ष वाली दावेदारी से हो गया है बाहर? उन्होंने कल ही अपने लोगों को दे दिया है संदेश? चर्चा में नहीं आया है किसी भी ठाकुर का फेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के पूर्व वाले भगवा कमिश्नर त्यागी जी यूं ही नहीं करते हैं कोई बात? कुछ बात उन्होंने ऐसी छेड़ी है, जिसकी खूब चर्चा हो रही है साहब? उन्होंने भगवा मंडल महामंत्री बनने के इच्छुक चेहरों को दे दिया हैं संदेश? कहा है जो जितने ज्यादा होर्डिंग लगायेगा? उतना ही मजबूत होगा उसका बेस? बनेगा वो जरूर महामंत्री, बस होर्डिंग के लिए तलाश ले वो अध्यक्ष के घर के आस-पास ज्यादा से ज्यादा स्पेस?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वाले पूर्व जिलाध्यक्ष ने इतिहास के झरोखे से निकाली एक पूर्व विधायक के सुंदर और रूप वाले व्यवहार की बात? उन्होंने कहा जैसा उन्होंने मेरे साथ किया ऐसा मैंने सोचा नहीं था साहब? जब निभा रहे थे वो विधायक वाला किरदार? तब लगा हुआ था उनके घर पर जनता दरबार? मैं अपना कोई काम लेकर गया था उनके पास? उन्होंने अपनी कुर्सी छोड़ कर मुझको ऑफर कर दी? ये सम्मान मुझे आज तक है याद?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि भले ही महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में गाजियाबाद में नहीं चल पाया हो ब्राह्मण फैक्टर? मगर जब हो रहे थे नामांकन, तब वेस्टर्न से तैयार हुआ था कोई चैप्टर? सुना है शर्मा एंड कंपनी के प्रिय लक्ष्मण और तीखे तीर वाले रावल जी को कर लिया गया था प्रस्तावक और अनुमोदक के रूप में तैयार? गेम पूरा सेट किया था करने वाले ने ताकि रहे शर्मा जी का जलवा बरकरार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब तक हैंडपम्प वाले टीटू जी नहीं करते हैं भाजपा में दखल? तब तक नहीं आता है हमें मजा? जब वो भाजपा से पंजाबी चेहरे को विधायक का टिकट देने की आवाज कर सकते हैं बुलंद? तो फिर महानगर अध्यक्ष वाली दावेदारी में क्यों चुप रहकर वो दे रहे हैं भगवा दावेदारों को सजा? यहां पर भी उठानी चाहिए उनको पंजाबी समाज की आवाज? क्योंकि संगठन ही विधायक तय करता है? और संगठन ही करता है अध्यक्ष का चुनाव?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे हैं अब भाजपा महानगर अध्यक्ष की पांच नामों के बाद फाईनल होने वाले तीन नामों की स्क्रीनिंग का गेम? कहने वाले ने कहा 17 को होगी लखनऊ में मीटिंग? वहां पर 5 में से 2 चेहरे हो जायेगें आउट ऑफ फ्रेम? 5-5 जिले हो जायेंगे जोन में डिवाईड? घूम-फिर कर बात क्षेत्रीय अध्यक्ष तक पहुंचेगी? यहां पर उनके साथ प्रभारी और पर्यवेक्षक मिलकर लेंगे महानगर अध्यक्ष डिसाईड?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब चल रही थी महानगर अध्यक्ष की दावेदारी? तब निवर्तमान में एन्ट्री लेने की, की थी एक पूर्व अध्यक्ष ने तैयारी? उन्होंने नाथ जी से कहा था हमारे भी नाम को यहां पर दे दो स्थान? सुना है उनका प्रस्ताव नाथ जी ने स्वीकार नहीं किया? बस यहीं से बिगड़ गया आने वाला सारा प्रोग्राम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये तो सबको पता ही है कि हापुड़ जिले में होल्ड है भाजपा के मंडल अध्यक्षों की फाईल? सुना है यहां पर वेस्टर्न वाले साहब लाना चाहते हैं एक तोमर के चेहरे पर स्माईल? कहने वाले ने कहा ये तभी संभव होगा जब गाजियाबाद महानगर या जिले में आयेगा वैश्य चेहरे का नाम? इन शब्दों से समझ जाओ कि गेम कहां पर चल रहा है श्रीमान? लगाने वाले लगा रहे हैं यहां पर गाजियाबाद में वैश्य फैक्टर पर फोकस? ताकी हापुड़ में हो जाये ठाकुर साहब की राहें आसान?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब बैठी थी कोर होने से पहले एक बैठक? तब यहां पर एक ओबीसी चेहरे ने दी थी सभी विधायकों को नेक सलाह? कहा था आप उस ओबीसी चेहरे को पूरा ऑनर दो, तभी होगा आपका भला? ज्यादा भावनाओं में आकर मत प्रकट करो अपने विचार? वो चेहरा ऐसा है, अध्यक्ष भले ही बन जाये? मगर कभी भी भविष्य में वो आपके सामने नहीं बनेगा विधायक का दावेदार?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मौका लोहड़ी पर्व का ओर ऐसे में लीरॉय कपूर सिंह इज ब्लिंग अंदाज में नजर आए। उनकी मम्मी कनिका कपूर ने अपने लाडले मुंडे सोहने मुंडे के साथ अपने दुलार को इस अंदाज में फेसबुक पर साझा किया। मां बेटे के प्यार दुलार को परिभाषित करती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।